

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



रांची, रविवार, 29 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 12 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 25 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ इस बार 9 की जगह 10 दिनों तक रहेगी नवरात्रि

बेटे को जन्म देने के चार महीने बाद काम पर लौटीं यामी गौतम ◀◀ 6


### 114वें मन की बात में पीएम मोदी ने कहा-

# आज का एपिसोड पुरानी यादों से जुड़ा




**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार। 'मन की बात' में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है। आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है, कि इस साल 3 अक्तूबर को जब 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा।

**'मन की बात' के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार :** उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता। 'मन की बात' के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा। देश के कोने-कोने से उन्होनें जानकारियां उपलब्ध कराईं। 'मन की बात' के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। आमतौर पर एक धारणा ऐसी घर कर गई है कि जब तक चटपटी बातें न हो, नकारात्मक बातें न हो तब तक उसको ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती है।

**चकोर पक्षी का किया जिक्र :** पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें, प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण, हौसला देने वाली गाथाएं, लोगों को बहुत पसंद आती हैं। जैसे एक पक्षी होता है 'चकोर', जिसके बारे में कहा जाता है कि वो सिर्फ वर्षा की बूंद ही पीता है। 'मन की बात' में हमने देखा कि लोग भी चकोर पक्षी की तरह देश की उपलब्धियों को, लोगों की सामूहिक उपलब्धियों को, कितने गर्व से सुनते हैं।

**'मन की बात' के लिए आई चिट्ठियों को पढ़ना गर्व की बात :** उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की 10 वर्ष की यात्रा ने एक ऐसी माला तैयार की है, जिसमें हर कार्यक्रम के साथ नई गाथाएं, नए कीर्तिमान, नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं। हमारे समाज में सामूहिकता की भावना के साथ जो भी काम हो रहा हो, उन्हें 'मन की बात' के द्वारा सम्मान मिलता है। मेरा मन भी तभी गर्व से भर जाता है, जब मैं 'मन की बात' के लिए आई चिट्ठियों को पढ़ता हूं।

**देश और समाज की सेवा करने का जज्बा अतुलनीय :** उन्होंने कहा कि हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है। वो लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। उनके बारे में जानकार मैं ऊर्जा से भर जाता हूं। 'मन की बात' की ये पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है, जैसे मंदिर जा करके ईश्वर के दर्शन करना। 'मन की बात' के हर बात को, हर घटना को, हर चिट्ठी को मैं याद करता हूं तो ऐसे लगता है मैं जनता जनार्दन जो मेरे लिए ईश्वर का रूप है, मैं उनका दर्शन कर रहा हूं।

**दूरदर्शन, प्रसार भारती और ऑल इंडिया रेडियो की सराहना की :** पीएम मोदी ने कहा, 'मैं आज दूरदर्शन, प्रसार भारती और ऑल इंडिया रेडियो से जुड़े सभी लोगों की भी सराहना करूंगा। उनके अथक प्रयासों से 'मन की बात' इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुंचा है। मैं विभिन्न टीवी चैनल्स को, रीजनल टीवी चैनल्स का भी आभारी हूं, जिन्होनें लगातार इसे दिखाया है। 'मन की बात' के द्वारा हमने जिन मुद्दों को उठाया, उन्हें लेकर कई मीडिया हाउस ने मुहिम भी चलाए। मैं प्रिंट मीडिया को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होनें इसे घर-घर तक पहुंचाया। मैं उन यूट्यूबर्स को भी धन्यवाद दूंगा, जिन्होनें 'मन की बात' पर अनेक कार्यक्रम किए।'

**झांसी की महिलाओं की इस पहल का किया जिक्र :** उन्होंने कहा कि झांसी में कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। ये महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें 'जल सहेली' बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है। इन महिलाओं ने मृतप्राय हो चुकी घुरारी नदी को जिस तरह से बचाया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी! इन जल सहेलियों ने बोरियों में बालू भरकर चेकडैम तैयार किया, बारिश का पानी बर्बाद होने से रोका और नदी को पानी से लबालब कर दिया। इन महिलाओं ने सैकड़ों जलाशयों के निर्माण और उनके रीवाइवल में भी बढ़-चढ़कर हाथ बटाया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों की पानी की समस्या तो दूर हुई ही है, उनके चेहरों पर, खुशियां भी लौट आई हैं।

**मध्य प्रदेश की महिलाओं के अभियाल की सराहना की :** पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे मध्य प्रदेश के दो बड़े ही प्रेरणादायी प्रयासों की जानकारी मिली है। यहां डिंडौरी के रायपुरा गांव में एक बड़े तालाब के निर्माण से भू-जल स्तर काफी बढ़ गया है। इसका फायदा इस गांव की महिलाओं को मिला। यहां 'शारदा आजीविका स्वयं सहायता समूह' इससे जुड़ी महिलाओं को मछली पालन का नया व्यवसाय भी मिल गया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के छतरपुर में भी महिलाओं का प्रयास बहुत सराहनीय है। यहां के खोंप गांव का बड़ा तालाब जब सूखने लगा तो महिलाओं ने इसे पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। 'हरी बगिया स्वयं सहायता समूह' की इन महिलाओं ने तालाब से बड़ी मात्रा में गाद निकाली, तालाब से जो गाद निकली उसका उपयोग उन्होंने बंजर जमीन पर फ्रूट फॉरेस्ट तैयार करने के लिए किया।

**उत्तराखंड के उत्तरकाशी के बारे में बताया :** उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक सीमावर्ती गाँव है 'झाला'। यहां के युवाओं ने अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए एक खास पहल शुरू की है। वे अपने गांव में 'धन्यवाद प्रकृति' या कहें 'ळ्ंल्ल' ८ङ्ग४ ठं३४१' अभियान चला रहे हैं। इसके तहत गांव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। गांव की गलियों में बिखरे हुए कूड़े को समेटकर, उसे गांव के बाहर, तय जगह पर डाला जाता है। स्वच्छता को लेकर पुडुचेरी के समुद्र तट पर भी जबरदस्त मुहिम चलाई जा रही है। यहां रम्या जी नाम की महिला, माहे `४ल्लूस्त्रं'३८ और इसके आसपास के क्षेत्र के युवाओं की एक टीम का नेतृत्व कर रही है। इस टीम के लोग अपने प्रयासों से माहे अर्शं और खासकर वहां के ड्डीं२ को पूरी तरह साफ-सुथरा बना रहे हैं।

**'स्वच्छ भारत मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे :** पीएम मोदी ने कहा कि 2 अक्तूबर को 'स्वच्छ भारत मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है, जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। ये महात्मा गांधी को भी सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवनपर्यंत, इस उद्देश्य के लिए समर्पित रहे। मुझे केरला में कोझिकोड में एक शानदार प्रयास के बारे में पता चला।



## सीएम नीतीश कुमार अचानक दिल्ली के लिए रवाना, पटना में सियासी हलचल हुई तेज

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को अचानक पटना से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली में नीतीश कुमार के कई राजनीतिक हस्ती से मुलाकात करने की संभावना है। सीएम के इस दौरा को लेकर बिहार में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सीएम नीतीश कुमार सोमवार को पटना वापस आ जाएंगे। कहा जा रहा है कि सीएम नीतीश कुमार व्यक्तिगत वजहों से दिल्ली गये हैं। एक वजह रूटीन चेकअप भी हो सकती है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है।

**पटना में बढ़ी सियासी हलचल :** राजनीतिक गलियारों में सीएम नीतीश की दिल्ली यात्रा को लेकर कई कयास भी लगाए जा रहे हैं। शनिवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंचे थे। उन्होंने बीजेपी नेताओं संग बैठक की थी। अब इसके एक दिन बाद सीएम नीतीश दिल्ली के लिए अचानक रवाना हो जाते हैं। इसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। क्या बिहार में फिर कुछ बड़ा होने वाला है। कुछ लोगों को कहना है नीतीश कुमार कैबिनेट और आयोग की नियुक्ति का मामला सुलझाने दिल्ली गये हैं।

**राजद मध्यवर्ती कह रही चुनाव की बात :** इन दिनों राजद कई मुद्दों पर नीतीश सरकार को लगातार घेर रही है। साथ ही बिहार में मध्यवर्ती चुनाव की बात कह रही है। राजद का कहना है कि बिहार में अभी तक उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई है। साथ ही नीतीश सरकार लगातार आईएएस और आईपीएएस अधिकारियों के तबादले कर रही है। इसे राजद मध्यवर्ती चुनाव के संकेत मान रही है। वहीं, इन दिनों बीजेपी-जेडीयू के बीच अच्छी तालमेल नहीं दिख रही है। कई मुद्दों पर बीजेपी और जेडीयू के बीच मनमुटाव है। कई मुद्दों पर दोनों का स्टैंड भी अलग-अलग दिख रहे हैं। इस बीच, सीएम का यह दिल्ली दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सोमनाथ मंदिर के पास 9 अवैध धार्मिक ढांचों को गिराया,विरोध पर लाठीचार्ज

**नई दिल्लीः** सोमनाथ मंदिर के पीछे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इसके तहत गिर सोमनाथ जिला प्रशासन ने शनिवार को प्रभास पाटन कस्बे में सरकारी जमीन पर बने अल्पसंख्यक समुदाय के नौ धार्मिक ढांचों को ध्वस्त कर दिया। सुबह-सुबह तोड़फोड़ अभियान में बाधा डालने की कोशिश कर रही बड़ी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। करीब 120 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना को लेकर शनिवार को प्रभास पाटन का मुख्य बाजार बंद रहा। जानकारी के मुताबिक, तीन पड़ोसी जिलों के एसपी की निगरानी में 1,400 पुलिसकर्मियों की ओर से समर्थित 12 घंटे का अभियान सुबह 5 बजे शुरू हुआ।

## नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ ने मचाई तबाही, 66 लोगों की मौत



**काठमांडू :** नेपाल में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। गृह मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार 66 लोगों की मौत और 60 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है।

समाचार एजेंसी के अनुसार, गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि 69 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान काठमांडू घाटी में हुआ है। यहां 34 लोगों की मौत हुई है।

साथ ही तिवारी ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों ने 3 हजार से अधिक लोगों को बचाया है। सरकार ने घायलों को मुफ्त इलाज और इस तबाही में अपने सिर से छत गंवा चुके लोगों के लिए जल्द से जल्द पुनर्वास का काम शुरू करने का फैसला लिया है।

उन्होंने आगे कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में कई राजमार्ग और पुल भी नष्ट हो गए हैं। राजमार्गों को साफ करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

नेपाल पुलिस ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण देश के बाकी हिस्सों से काठमांडू से जोड़ने वाले राजमार्गों सहित लगभग सभी राजमार्ग पर आवागमन ठप है। भूस्खलन की वजह से काठमांडू के सभी प्रवेश मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस बीच सभी राज्य सरकारों से रविवार से तीन दिन के लिए स्कूल बंद रखने और मंगलवार तक निर्धारित सभी विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाओं को स्थगित करने का अनुरोध किया है। नेपाल में इस वर्ष मानसून के दौरान औसत से अधिक वर्षा हुई है। उफनती नदियों के कारण काठमांडू के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है। कई घर पानी में डूब गए हैं और लोगों को ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शहर के दक्षिणी हिस्से का एक बड़ा इलाका ज्यादातर बाढ़ग्रस्त था और चार लोगों को लेने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। ये लोग अपने घर छोड़ने में असमर्थ थे। काठमांडू के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवा काफी समय तक बाधित रही।

## हिजबुल्लाह चीफ की हत्या पर जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को उस वक्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जब लोग लेबनान के बेरूत में इजरायल की ओर से हवाई हमले में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या की निंदा करते हुए सड़कों पर उतर आए। बडगाम में आयोजित विरोध मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, जिन्होंने हिजबुल्लाह प्रमुख की तस्वीरें पकड़ी हुई थीं। इजरायल द्वारा आतंकवादी समूह के 64 साल के नसरल्लाह की हत्या की घोषणा के बाद श्रीनगर के पुराने शहर और राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए, जिसकी बाद में संगठन ने भी पुष्टि की। इस बीच जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती ने घोषणा की कि हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या की ।

## मैहर में बस-ट्रक की भीषण भिड़ंत 9 लोगों की मौत, 24 घायल



**मैहर।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में बस और ट्रक की टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई और करीब 24 लोग घायल हो गए। बस प्रयागराज से नागपुर जा रही थी, तभी जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नादन देहात थाने के पास शनिवार रात करीब 11 बजे पत्थर से लदे डंपर ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। मैहर के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायलों में छह लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें सतना रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बाकी लोगों का मैहर और अमरपाटन के अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात 11 बजे मैहर जिले में ट्रक और यात्री बस में भिड़ंत हो गई। जानकारी के मुताबिक बस में 45 यात्री सवार थे। यह दर्दनाक हादसा मैहर के नादान देहात थाना क्षेत्र से गुजरते समय हो गया। बता दें कि आभा ट्रेवल्स की बस (वढ 72 अळ 4952) प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी। इस दौरान बस चौरसिया ढाबे के पास खड़े हाइवा (उञ्ृ 04 ठइ 6789) टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के अंदर चीख पुकार मच गई। इस भीषण सड़क हादसे में 6 बस यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सतना जिला अस्पताल भेजे गए तीन घायलों की मौत रास्ते में हो गई। कुल मिलाकर मृतकों की संख्या 9 हो चुकी है। हादसे में बस के कंडक्टर की भी मौत हो गई है। वहीं घटनास्थल पर मैहर के एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, मैहर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल और एसपी राजीव पाठक भी मौजूद हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भयानक था कि बस के लोहे को गैस कटर से काटकर लोगों को बाहर निकाला जा रहा है।

## रिनपास में इलाजरत प्रकाश मिश्रा के कमरे की हुई चेकिंग मिली आपत्ति जनक चीजें

**रांचीः** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर ने रिनपास के बंदी वार्ड में इलाजरत प्रकाश मिश्रा के कमरे का निरीक्षण किया। इस दौरान 2 स्मार्टफोन, 2 चार्जर, छोटा कैंची, शराब की बोतल, फोन बुक और आधार कार्ड सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए। प्रकाश मिश्रा पर जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्र में व्यापारियों से रंगदारी मांगने और जानलेवा हमला करवाने के आरोप हैं। इसके अलावा टेल्को और बिरसानगर थाना में आर्म्स एक्ट सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। बता दें कि वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर ने उपायुक्त से प्रकाश मिश्रा के कमरे की तलाशी का अनुरोध किया था। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को सुस्पष्ट जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। फिलहाल इस मामले में आगे की जांच की जा रही है और बरामद सामान को जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी इस मामले में और कार्रवाई करने की तैयारी में हैं।

## पुलिस पिकेट हटाने के विरोध में गिरिडीह में सड़क जाम, ग्रामीणों ने जतायी नक्सल गतिविधियां बढ़ने की आशंका

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में पुलिस पिकेट को बंद करने के फैसले के विरोध में ग्रामीणों ने रविवार सुबह डहुआटांड़ झ्र चौकी सड़क को जाम कर दी। मामला भेलवाघाटी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक रविवार को चौकी पिकेट को बंद करके जवान रवाना होने वाले थे, इसकी जानकारी होते ही ग्रामीण पिकेट के पास पहुंचकर जवानों व पदाधिकारियों से नहीं जाने का आग्रह किया। इसके बाद सड़क को जाम कर दी।

**सत्रह साल पहले लगाया गया था पुलिस पिकेट :** ग्रामीणों का कहना था कि नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए सत्रह वर्ष पूर्व गिरिडीह के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में पुलिस पिकेट बनाकर जैप जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस पिकेट बनने के बाद इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित माहौल मिला।

## न्यूज ब्रीफ



### चाय की दुकान पर मन की बात

**मुरी:** प्रधानमंत्री मंत्री का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात मुरी दीनु चाय दुकान पर मोबाईल पर सुनी।मन की बात सुनकर लोग काफी खुश हैं, लोग की प्रतिक्रिया है कि जबतक मोदी हैं तो हमारा भारत काफी तेजी से बढेगा।मन की बात सुनने में अनुपा देवी, दिनेश चौधरी, अरविंद,अक्षय, आलोक ,राजेंद्र समेत काफी लोग थे।

### विद्यालय का दरवाजा तोड़कर मध्याह्न भोजन का चावल खा गये हाथी



**सिल्ली:** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पिस्का में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़े हाथी ने स्कूल का दरवाजा तोड़कर मध्याह्न भोजन का बोरी में रखा एक बोरी चावल को खाया नही बल्कि बोरी को नुकसान कर छोड़ दिया, साथ खाना बनाने वाला बर्तन व थालीयों को रौद कर चला गया। विद्यालय के शिक्षक गोंदूरा उरांव ने बताया सुबह जब इसकी जानकारी मिला तो देखा की दरवाजा टुटा हुआ है और सामाने बिखरा हुआ है। विधालय में 4-5 बोरा चावल था लेकिन हाथियों ने खाया नही जो गांव में चर्चा का बिषय है। शिक्षक ने यह भी बताया इसे पहले 5 बार इस विधालय में जंगली हाथीयों ने आतंक मचा चूका है। ग्रामीण ने बताया हाथियों का आना जाना इधर से लगा रहता है। दूसरी ओर मिली जानकारी के मुताबिक जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी अहले सुबह 6 बजे तक किता आसपास खेतों में देखा गया उक्त हाथी को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगा।

### हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से दो राजमिस्त्रियों की मौत, दो मजदूर घायल



**मांडर :** मांडर-करगे रोड पर शनिवार को एक निमार्णाधीन मकान में हाई वोल्टेज करंट लगने से दो राजमिस्त्रियों की मौत हो गई और दो मजदूर घायल हो गए। घटना मांडर के रेफरल अस्पताल के पास हुई, जहां मकान का कॉलम खड़ा करने के दौरान लोहे की सरिया ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के तार से टकरा गई। इस हादसे में मांडर के सोसई गांव निवासी 25 वर्षीय राकेश गोप और मलती निवासी 19 वर्षीय संदीप उरांव की मौत हो गई। घायलों में मलती के 40 वर्षीय खुश कुमार साहू और कठचांचो के 30 वर्षीय विपिन एक्का शामिल हैं। घायलों का इलाज मांडर रेफरल अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रामचंद्र भगत का मकान बनाने का काम चल रहा था। राकेश और संदीप अन्य मजदूरों के साथ मिलकर मकान का कॉलम खड़ा कर रहे थे। काम के दौरान सरिया ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से छू गई, जिससे चारों मजदूर करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। राकेश गोप और संदीप उरांव को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। राकेश तीन भाइयों में मंझला था और उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। संदीप चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था और उसकी मां की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। घटना से मृतकों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

### राजी, 12 पड़हा जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. परमेश्वर भगत



**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के कमाती पिपरा टोली में राजी, 12 पड़हा के तत्वाधान में जितिया जतरा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीडीसी और भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ. भगत ने समारोह में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि ये हमारे समाज की पहचान हैं और इन्हें सहेजना जरूरी है। उन्होंने समुदाय को अपनी जड़ों से जुड़े रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। डॉ. भगत ने आदिवासी समाज के विकास के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञान ही समाज की नींव है। उन्होंने युवा पीढ़ी को समर्पण और मेहनत के साथ सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और नई चुनौतियों का सामना करने का हौसला बढ़ाया। समापन समारोह में, डॉ. भगत ने सभी को एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया और जतरा को आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बताया, जो समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आदिवासी समुदाय की आवाज को उच्च मंचों पर पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। अंत में, डॉ. भगत ने सभी को ह्यजय धरमह्न कहते हुए जतरा की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल मिंज, सचिव राम उरांव, उप सचिव विनोद उरांव सहित ग्राम बढ़ैया, टांगर, ताला, कमाती, पिपरा टोली, बरवा टोली और मसमानो के खोड़हा भी शामिल हुए। जतरा में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पारंपरिक उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## सीएम ने लोगों को दी योजनाओं की सौगात, कहा

# पारदेशीय छात्रवृत्ति के लाभुक छात्रों की संख्या में होगी वृद्धि



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम शनिवार को गुलजार रहा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में एक साथ कई सरकारी योजनाओं की शुरूआत एवं लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने जहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के तहत चयनित झारखंड के 22 मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप की स्वीकृति प्रदान की. वहीं कई योजनाओं का शिलान्यास, नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति वितरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा कुल 795 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया गया. जिसमें सरना, मसना जाहेर स्थान की घेराबंदी के लिए 222 करोड़ रुपए, धुमकुड़िया कला केंद्र हेतु 255 करोड़ रुपए, कब्रिस्तान घेराबंदी हेतु 96 करोड़ रुपए शामिल है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री के द्वारा रांची के करमटोली में बनने वाले 520 बच्चों के लिए सात मंजिला छात्रावास, महिला महाविद्यालय में 500 बेड का हॉस्टल तथा पलामू के अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण का शिलान्यास किया गया. इस अवसर पर अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत लगभग 3,700 एकड़ सामुदायिक वन पट्टा मुख्यमंत्री के हाथों वितरित किया गया.

**पारदेशीय छात्रवृत्ति के लाभुक छात्रों की संख्या में होगी वृद्धि- सीएम :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए युवा आए हैं. उन्हें स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है. युवा ही बताएं कि देश का कौन सा ऐसा राज्य है जहां शत प्रतिशत स्कॉलरशिप पर विदेश में उच्च शिक्षा दी जा रही हो. इस राज्य के नौजवानों में इतनी उत्सुकता है उच्च शिक्षा के लिए यह मुझे पता नहीं था. पहले हम लोगों ने छात्रों की संख्या को कम रखा, लेकिन बड़ी तादात में बच्चे आने लगे फिर इसकी संख्या बढ़ाई गई. कई बच्चे पढ़ कर वापस आए, कईयों को वहीं रोजगार प्राप्त हो गया।

सीएम ने कहा कि अभी मंत्री ने आग्रह भी किया है इस बार अधिक आवेदन आए हैं। कई बच्चे उसमें शामिल नहीं हो पाए हैं. इसकी संख्या बढ़ाने की बात कही गई है. निश्चित रूप से अगर हम 25 बच्चों को विदेश में शिक्षा के लिए भेज सकते हैं तो 100 बच्चों को क्यों नहीं भेज सकते. इसमें नीति निर्धारण की आवश्यकता है. मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा. इसके दायरे कहां-कहां तक ले जा सकते हैं, इस पर विचार कर ठोस निर्णय के साथ आगे बढ़ेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से झारखंड के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करा रही है. पूर्व की सरकारों ने राज्य के किसानों के साथ भी न्याय नहीं किया है. हमारी सरकार अब यहां के किसानों के 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋृण को माफ करने का काम किया है. राज्य सरकार झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है वहीं पुराने बिजली बिल को माफ भी किया गया है।

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार अपने प्रयास से राज्यवासियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सम्मान देने का कार्य कर रही है. आज यहां कल्याण विभाग सहित सभी विभाग के पदाधिकारी लगातार मेहनत कर रहे हैं. कल्याण विभाग बहुत बड़ा विभाग है, जो शहर से लेकर गांव तक लोगों का ध्यान रखता है. हमारे गरीब-गुरबा लोगों को कोई भी चीज बहुत आसानी से नहीं प्राप्त होता है, इनके लिए अबतक जो नीति निर्धारण हुए हैं वह कारगर नहीं थे. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार में योजनाएं तो बनाई गयी, लेकिन उसका लाभ गरीबों को नहीं मिल पाया है. हमारी सरकार लम्बे समय तक इस बात को महसूस किया और यह हमें हमेशा से देखने को मिला है.हमारी सरकार ने जनहित की योजनाओं का रूप ऐसा बनाया है ताकि सीधे आप सभी को उसका लाभ मिले।

## पिस्का पंचायत भवन में सड़क निर्माण पर ठेकेदार का कब्जा

# अगर ऐसी बात है तो गलत, मुखिया से पूछते है : बीडीओ



मेट्रो रेज

**सिल्ली:** पंचायत के लोगों को पंचायत में ही हर सुविधा उपलब्ध हो इस उद्देश्य से लाखों खर्च कर पंचायत भवन बना है लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण कहीं कहीं यह उद्देश्य लोगों को मिलता नहीं दिख रहा है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां ग्रामीणों का आरोप पंचायत पदाधिकारीयों और राजनीतिक पार्टी के छूट भैया नेता की मिलीभगत में मनमानी पूर्ण ढंग से पिस्का पंचायत भवन को सड़क निर्माण कंपनी के ठेकेदार को दिया गया है। बीते कई माह से इस भवन के हॉल व कई कमरे में कार्य संबंधित सामान और दर्जनों मजदूरों रहते है जिसे ग्राम पंचायत की बैठक में समस्या हो रहा है। ग्रामीण के अलावे वार्ड सदस्य राजकुमार महतो और पूर्व मुखिया प्रत्याशी मोतीलाल बेदिया के शिकायत पर सड़क निर्माण कार्य का देख रेख कर रहे व्यक्ति से भवन में कब्जा को लेकर पूछा गया तो उन्होंने राजनीतिक पार्टी से जुड़े एक व्यक्ति से फोन पर बात करवाया और अपनी गलती को दबाने का कोशिश किया गया । जबकि वार्ड सदस्य राजकुमार महतो ने बताया इसकी शिकायत मौखिक रूप से प्रखंड कार्यालय में गया है लेकिन कोई सुन नही रहा है। इधर इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली को पूछे जाने पर उन्होंने कहा ऐसा नही होना चाहिए अगर ऐसा है तो गलत बात है इसकी जानकारी अभी हम मुखिया से लेते है।

**ठेकेदार करा रहे पेटी में काम, हो रहा मजदूरों का शोषण :** ग्रामीणों ने बताया ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रांची पुरुलिया मुख्य सड़क मार्ग से टेटेबंदा लोवादाग तक करोड़ों की लागत से निर्मित सड़क में घोर अनियमितता बरती जा रही है कंपनी के संवेदक पेटी ठेकेदार से काम करा रहे है मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी भी नही दिया जा रहा है। मजदूर उमेश बेदिया ने पेटी ठेकेदार दिनेश व दूतनाथ ने गार्डवाल निर्माण में मजदूरों का 45 हजार बाकी रखा है मांगने पर ठेकेदार का बहाना बनता है और ठेकेदार को मांगने पर पेटी ठेकेदार को पैसा दे देने की बात कहता है गरीब जाये तो जाये कहां।

## सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण कार्य का सीएम ने किया निरीक्षण, कार्य की प्रगति से हुए अवगत



**रांची:** कांटाटोली फ्लाईओवर के बाद राज्य सरकार का विशेष ध्यान राजधानी रांची की हृदयस्थली में बन रहे सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर पर है. इसके तहत शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अचानक सिरमटोली से मेकॉन तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

**कार्य की प्रगति से अवगत हुए सीएम :** मुख्यमंत्री के निरीक्षण की सूचना पर पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार सहित विभाग के कई पदाधिकारी आनन-फानन में मेनरोड स्थित फ्लाईओवर के समीप पहुंचे. मुख्यमंत्री ने विभागीय सचिव सुनील कुमार से निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जाना और कार्य प्रगति पर संतोष जताया। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इस फ्लाईओवर बेहतरीन इंजीनियरिंग का नमूना है. जब यह तैयार हो जाएगा तो पता चलेगा.मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बहुत ही टिपिकल इंजीनियरिंग है और चुनौती भरा है. हर चीज माइनुटली, कैलकुलेटिव तरीके से किया जा रहा है. इस दौरान एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने चुटिले लहजे में कहा कि बन जाने दीजिए, देखिए कौन खुश होता है और कौन रोता होता है। पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने सिरमटोली मेकॉन तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि यह काफी जटिल इंजीनियरिंग है. उन्होंने कहा कि यह राज्य का पहला केबल स्ट्रीट ब्रिज होगा. इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि यह 40 मीटर ऊंचा इसका पाइलॉन होगा, जो करीब सात माले की बिल्डिंग जैसा ऊंचा होगा।

**रेलवे से हो गई है बाधा दूर :** उन्होंने कहा कि मुख्य बाधा रेलवे से अनुमति को लेकर थी, जो अब दूर हो गई है. रेलवे ने पांच पार्ट में अनुमति दी है, जिसपर काम चल रहा है. एक-दो माह के अंदर यह फ्लाईओवर पूरे शेप में आ जाएगा। सचिव सुनील कुमार ने बताया कि कांटाटोली फ्लाईओवर तैयार हो चुका है, जिसका पांच दिनों के अंदर उद्घाटन हो जाएगा। गौरतलब है कांटाटोली से बहू बाजार तक फ्लाईओवर निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है. जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री के हाथों 30 सितंबर को प्रस्तावित है।

# कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में जनता से ली गई राय

## प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- बनाएंगे जन घोषणा पत्र

**रांची:** कांग्रेस के मेनिफेस्टो में किन मुद्दों को जगह दी जाए ताकि घोषणा पत्र वास्तविक रूप से जन घोषणा पत्र का स्वरूप ले सके. इसके लिए शनिवार को रांची के प्रेस क्लब सभागार में परामर्श बैठक आयोजित की गई. प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बैठक हुई. मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अजय नाथ शाहदेव, अशोक चौधरी, जगदीश साहू, सतीश पॉल मुंजनी, शहजादा अनवर सहित अन्य सदस्य शामिल हुए. वहीं अपरिहार्य कारणों से मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की अनुपस्थित रहे।

**समाज के सभी वर्गों के लोगों से लिए गए सुझाव :** समाजसेवी बलराम के साथ-साथ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्ठानी, झारखंड प्रदेश टैक्सी और एप बेस्ड वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए. प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की परामर्श बैठक में सामाजिक संगठनों, समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग, सिविल सोसाइटी, गिग वर्कर,आम जनों के साथ कांग्रेस के मेनिफेस्टो के संबंध में चर्चा की गई और उनसे परामर्श लिया गया। इस बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की कला-संस्कृति, धार्मिक जैसे सभी चीजों का समुचित संरक्षण और खासकर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, गुड गवर्नेंस इन तीन-चार मुद्दों पर ज्यादा फोकस किया गया. जिसमें विभिन्न प्रकार के सुझाव आये हैं. केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो को जनता का मेनिफेस्टो बनाएगी।

**30 सितबंर को रांची में कांग्रेस की बड़ी बैठक :** बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि 30 जून को रांची के लालगुट्टा में प्रदेश कांग्रेस की बड़ी बैठक होगी. जिसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ-साथ मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि प्रदेश से लेकर प्रखंड तक के पार्टी पदाधिकारी की बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर कई अहम फैसले लिए जाएंगे।

# मनरेगा मजदूरों का प्रदर्शनः मांगों को लेकर राजभवन को सौंपा ज्ञापन




**रांची:** मनरेगा मजदूरों के हक के लिए झारखंड नरेगा वॉच और मनरेगा संघर्ष मोर्चा ने रांची में राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के मनरेगा मजदूर शामिल हुए. मनरेगा मजदूरों के साथ-साथ अलग-अलग राज्यों में मजदूरों के अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले संगठन भी शामिल हुए हैं.

बिहार के मुजफ्फरपुर जिला से आईं महिला मनरेगा मजदूर मंडेश्वरी देवी एक कठपुतली लेकर आयी थीं। उन्होंने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि बिहार में मनरेगा मजदूरों की सबसे बड़ी समस्या ऑनलाइन हाजिरी बनाने से है। काम करने के बावजूद कई बार उनकी हाजिरी काट दी जाती है. क्योंकि गांव में मोबाइल का नेटवर्क नहीं रहता है.

लातेहार जिला से रांची राजभवन पहुंचीं अफसाना कहती हैं कि एक तो मनरेगा कर्मियों की मजदूरी कम है, वहीं 15 दिन में मजदूरी भुगतान की अनिवार्यता की जगह 6 से 8 महीने लग जाते हैं. उनका परिवार बड़ा है और साल में 100 दिन की मजदूरी से घर भी नहीं चलता है. ऐसे में मनरेगा मजदूरी बढ़ाने की जरूरत है. राजभवन के समक्ष मनरेगा मजदूरों के धरना प्रदर्शन में शामिल मनरेगा मजदूरों ने कहा कि मनरेगा कानून के तहत जो अधिकार उन्हें मिला है उनकी हकमारी हो रही है।

छत्तीसगढ़ में मनरेगा मजदूरों की लड़ाई बुलंद करने वाली संस्था छत्तीसगढ़ किसान मजदूर संगठन के नरेंद्र ने कहा कि झारखंड की राजधानी रांची में पांच राज्यों के मनरेगा मजदूरों को इसलिए बुलाया गया है क्योंकि राज्य में जल्द विधानसभा चुनाव होने वाला है. जिससे झारखंड और इसके आसपास के राज्यों के मनरेगा मजदूरों की एक जैसी समस्या के खिलाफ रांची से आवाज बुलंद हो।

मनरेगा मजदूरों की मांग को प्रमुखता से उठाने वाली संगठन नरेगा वॉच के कॉर्डिनेटर जेम्स हेरेंज कहते हैं कि जिन पांच राज्यों के मनरेगा मजदूर रांची पहुंचे हैं। उन राज्यों में मनरेगा मजदूरों की समस्या एक जैसी है. झारखंड में दो महीने से मनरेगा कर्मियों की हड़ताल चल रही है. बंगाल में भ्रष्टाचार की बात कहकर केंद्र सरकार ने दिसंबर 2021 से बंगाल में मनरेगा का फंड नहीं दिया है। एक्ट की धारा 27 में इसका प्रावधान भी है. लेकिन सवाल यह है कि भ्रष्टाचार का खामियाजा मजदूर क्यों भुगते. छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में भी मनरेगा मजदूरी कम है और काम की मजदूरी 15 दिन में नहीं मिलता।

> **बिहार के मुजफ्फरपुर जिला से आईं महिला मनरेगा मजदूर मंडेश्वरी देवी एक कठपुतली लेकर आयी थीं। उन्होंने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि बिहार में मनरेगा मजदूरों की सबसे बड़ी समस्या ऑनलाइन हाजिरी बनाने से है।**

मनरेगा मजदूरों की लड़ाई में हमेशा लगे रहने वाले समाजसेवी ज्यां द्रेज भी राजभवन धरना में शामिल होकर उनकी मांगों का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों का हक है और कोई इसे छीन नहीं सकता. ज्यां द्रेज ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित होना चाहिए।

इस कार्यक्रम में मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 800 रुपए करने, ऑनलाइन हाजिरी की बाध्यता खत्म करने, मनरेगा का बजट बढ़ाने, पश्चिम बंगाल में रोके गए मनरेगा फंड को फिर शुरू करने और मजदूरी का हर 15 दिन में भुगतान के नियम को कठोरता से पालन कराने की मांग की गई. इस संदर्भ में राजभवन को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है. रविवार को नामकुम में मनरेगा मजदूरों का क्षेत्रीय सम्मेलन भी आयोजित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### धनबाद के एयरोड्रम ग्राउंड में कल स्किल कॉन्क्लेव, सीएम हेमंत लेंगे हिस्सा

**रांची :** धनबाद के बलियापुर स्थित एयरोड्रम ग्राउंड में सोमवार को जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन व परिवहन भत्ता वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। समारोह में स्टॉल्स के माध्यम से संबंधित विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और जिला प्रशासन व चुनिंदा औद्योगिक संस्थानों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। साथ ही विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों के निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा।

### झारखंड एआइएमआइएम में फेरबदल की सुगबुगाहट

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले क्या झारखंड प्रदेश एआईएमआईएम में बदलाव होगा? यह सवाल आज पूरे दिन रांची में सुर्खियों में छाया रहा। एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं में दिनभर यही चर्चा होती रही कि क्या एआइएमआइएम वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मो साकीर के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव में उतरेगी या फिर किसी नए चेहरे को प्रदेश की कमान सौंपी जाएगी? पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ हैदराबाद गए एक मजलिस नेता ने नाम नहीं सार्वजनिक करने के शर्त पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (मजलिस ) ने राज्य के सभी नेताओं से इसी बिंदु पर राय ली कि क्या विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश संगठन या प्रदेश नेतृत्व में फेरबदल जरूरी है?जाहिर है कि झारखंड से हैदराबाद गए नेताओं में से कई ऐसे हैं जो लोकसभा चुनाव से पहले ही नेतृत्व परिवर्तन की आवाज बुलंद कर रहे थे। मो साकीर के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से एआइएमआइएम में भी किसी सभ्य समाज से आनेवाले नेता को प्रदेश की कमान सौंपने की मांग होती रही है। वहीं, एक वर्ग ऐसा है जो राज्य में किसी युवा नेता को कमान सौंपने की हिमायती है। आगे पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो अगर विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन का फैसला आलाकमान की ओर से लिया जाता है तो नए प्रदेश अध्यक्ष बनने की रेस में सबसे आगे रांची में समीर अली उर्फ मुन्ना का नाम हैं। इनके साथ-साथ झारखंड से कई का नाम भी नए प्रदेश अध्यक्ष की रेस में है।ज्ञात हो कि पिछले दिनों एआइएमआइएम वरिष्ठ नेता झारखंड दोरे पर रांची आये थे जिसमें खास तौर से मिर्जा रेयाजुल हसन (एमएलसी), सैयद सोहेल कादरी, सरफराज अहमद, मुजफ्फर हुसैन, अब्दुल हन्नान, मोहम्मद नसीरुद्दीन साहब शामिल थे।

### बिरसा मुंडा एक्सीसेलेंस अवार्ड का हुआ आयोजन

**रांची:** पीस जस्टिस ह्यूमैनिटी एंड रिलीफ फाउंडेशन एवम जीएमआर न्यूज द्वारा बिरसा मुंडा एक्सीसेलेंस अवार्ड का आयोजन रांची स्थित होटल रेडिशन ब्लू में संपन्न हुआ जिसमे झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए संस्थानों को कलाकारों को शिक्षा के क्षेत्र और अलग अलग क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत रांची से विधायक सीपी सिंह और विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीआईजी कार्मिक आईपीएस नौशाद आलम शामिल होकर सभी को सम्मानित किया,कार्यक्रम का अयोजन डॉक्टर आरिफ नसीर बट्ट, चेयरमैन ढखल्फ्फ्क्क्ष वसीम अकरम, प्रदेश अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, स्विट्जरलैंड, शाहिद रहमान,संस्थापक जीएमआर न्यूज, सैयद सनी, संस्थापक जीएमआर न्यूज के द्वारा किया गया।

### फाइनेंस एजेंट से लूटपाट मामले में पुलिस ने किया 1 आरोपी को गिरफ्तार

**सोनाहातु :** थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए फाइनेंस एजेंट से लूटपाट का पुलिस ने खुलासा किया है। इस घटना में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अपरोपी के पास से 5000 रुपये नगद, एक काले रंग का बैग और एक मोबाईल बरामद किया है। आरोपी की पहचान अनगड़ा थाना क्षेत्र के बीसा गांव निवासी शंभू बढ़ाइक के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। इस अभियान में रक गौतम कुमार, हवलदार अमरजीत यादव, आरक्षी पलास हेंब्रम आदि शामिल थे। जानकारी हो कि बीते 23 सितंबर की शाम शंभू ने अपने 4 साथियों के साथ फाइनेंस एजेंट से 2360 रुपये, 2 बायोमीट्रिक मशिन, 1 मोबाइल और बाइक की चाबी लूट ली थी। इस मामले में फाइनेंस एजेंट ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### सीसीएल में कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स पर व्याख्यान

**रांची :** सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग में सतर्कता विभाग के सहयोग से कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें सीसीएल के सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन विकास विभाग के अधिकारियों सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के छत्तीस अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, पूर्व निदेशक (कार्मिक) महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एल। एन। मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक मानव संसाधन विभाग रमाकांत पांडे ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स के महत्व एवं अनुपालन पर प्रकाश डाला।

# दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट जारी, सीसीटीवी से होगी निगरानी, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

**मेट्रो रेज**



**रांची:** झारखंड में रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो सहित कई शहरों में धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन होता है. इस दौरान जगह-जगह भव्य पंडाल बनाए जाते हैं और लगने वाले मेले में भारी भीड़ उमड़ती है. ऐसे में प्रशासन के सामने कई चुनौतियां रहती हैं। असामाजिक तत्वों का खतरा बना रहता है. इसको ध्यान में रखते हुए राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते ने प्रमंडलीय आयुक्तों, आईजी, डीआईजी, उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिए हैं।

**दुर्गा पूजा के दौरान डीजे पर रहेगा प्रतिबंध :** मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजी पर पूरी तरह से प्रतिबंध को सुनिश्चित करना है. थाना स्तर पर शांति समिति के साथ बैठक करनी है. इसमें समाज के प्रभावशाली लोगों को शामिल करना है. सभी पूजा पंडालों में पूजा समितियां के माध्यम से सीसीटीवी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके. सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों को पूजा पंडालों और रूट लाइन का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया गया है।

**24 घंटे सक्रिय रहेगा पुलिस कंट्रोल रूम :** मुख्य सचिव एल.खियांगते ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में फायर सेफ्टी के उपाय करें, ताकि जरूरत के वक्त इनका इस्तेमाल हो सके. इसको लेकर अग्निशमन विभाग के सहयोग से कर्मियों को प्रशिक्षण दिलाएं. सभी जिलों के कंट्रोल रूम को 24७7 मोड में सक्रिय रहना है. सभी संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करना है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से समय पर निपटा जा सके।

**वॉलेंटियर्स की पहचान सुनिश्चित होगी :** मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर्स तैनात रखें. इसे पूजा समिति के आयोजकों के सहयोग से सुनिश्चित करना है. सभी वॉलेंटियर्स को उनके कार्य दायित्व के तहत कलर कोडिंग का प्रयोग करते हुए टी-शर्ट और कैप मुहैया कराए जाएंगे, ताकि उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके.

**ट्रैफिक और कम्युनिकेशन प्लान पर फोकस :** ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सभी जिलों के डीसी और एसपी को कहा गया है कि श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी तरह की दिक्कत ना हो, इसको ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त रखना है. उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान पर भी फोकस करने को कहा है, ताकि किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके.।

**विसर्जन के दौरान विशेष चौकसी :** सीएस ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मूर्ति विसर्जन वाले तालाब और नदियों के आसपास पूरी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए. मूर्ति विसर्जन के दौरान अधिक गहराई वाले तालाबों और नदियों में साईनेज लगवाएं, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो. बैठक में प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# चौकीदार बहाली की शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**सिमडेगा:** सिमडेगा जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत 18 अगस्त 2024 को हुई लिखित परीक्षा के उपरांत 28 सितंबर 2024 एवं 29 सितंबर 2024 को संत मेरीज हाई स्कूल सामटोली के मैदान में 29 सितंबर द्वितीय दिन सफलतापूर्वक समापन किया गया, आयोजित द्वितीय दिन शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त, सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार ने निरीक्षण किया।



बता दें कि सिमडेगा जिला में चौकीदार के कुल -104 पदों के लिए विगत 18 अगस्त 2024 को लिखित परीक्षा हुई थी। जिसमें 378 अभ्यार्थी पास किए थे। मौके पर उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत चल रहे कार्य लंबाई जांच, रेस ट्रैक आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले रहे सभी अभ्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में 29 सितंबर 2024 (दूसरे दिन) में कुल- 191 अभ्यर्थियों की दौड़ था। जिसमें से कुल- 168 अभ्यर्थी उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में शामिल हुए। तथा 23 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

चौकीदार बहली शारीरिक दक्षता परीक्षा समाप्ति के बाद उपायुक्त महोदय ने नोडल पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता, सिमडेगा श्री ज्ञानेन्द्र एवं सामान्य शाखा प्रभारी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री संदीप कुमार भगत को अचूक परिणाम प्राप्त करने हेतु दौड़ के कार्यक्रम का सीसीटीवी कैमरा की रिकॉर्डिंग की जांच करने के लिए समिति का गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सफल अभ्यर्थियों का सीसीटीवी फुटेज, शारीरिक शिक्षक द्वारा प्रस्तुत स्कोर फीट, एक्सीलेंट बॉक्स रिपोर्ट, एवं गुड क्वालीफाई बॉक्स रिपोर्ट से मिलान करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, सामान्य शाखा प्रभारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री संदीप कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी श्री सुमन्त तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री पवन कुमार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, सार्जेंट मेजर श्री रंजीत कुमार, सार्जेंट दिलीप पासवान, जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### धान और जान का दुश्मन बना 22 जंगली हाथियों का झुंड, ओरमांझी में डाले हुए है डेरा

**रांची:** ओरमांझी प्रखंड के सदमा और चंद्रा पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांव हाथियों का प्रकोप झेल रहे हैं। 22 जंगली हाथियों का यह झुंड ओरमांझी के ग्रामीणों के लिए दहशत का पर्याय बना हुआ है। हाथी न सिर्फ धन की फसल को बर्बाद कर रहे हैं बल्कि कई घरों को भी नुकसान पहुंचा चुके हैं। सदमा के मुखिया सुनील उरांव ने बताया कि जंगली हाथियों के झुंड ने घरों के अलावा लगभग 10 एकड़ खेत में लगी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है।

**बच्चा घर में फंसा तो घर ही तोड़ डाला :** 22 जंगली हाथियों के झुंड में कई बच्चे भी शामिल हैं। हेतु गांव में जंगली हाथी का एक बच्चा एक किसान के घर में घुस गया। जंगली हाथी का बच्चा जब घर से बाहर नहीं निकल पाया तो बड़े जंगली हाथियों ने उस घर को ही ध्वस्त कर दिया और बच्चे को बाहर निकाला।

**वन विभाग ,पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से भगाने की कोशिश :** ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि फिलहाल जंगली हाथियों का झुंड रांची-रामगढ़ के बॉर्डर पर है। वन विभाग की टीम लगातार जंगली हाथियों के झुंड पर नजर रखे हुए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि रविवार की देर रात तक जंगली हाथियों का झुंड रांची बॉर्डर से निकलकर रामगढ़ के जंगल में प्रवेश कर जाएगा। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और जंगली हाथियों के साथ किसी भी तरह का छेड़छाड़ न करने की अपील की है।

### विधानसभा चुनाव में आजसू, जदयू और भाजपा का गठबंधन होगा : हिमंता बिस्व सरमा

**रांची :** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी, जदयू और भाजपा के साथ गठबंधन होगा। 99% सीटों पर फैसला हो चुका है। कुछ सीटों की ही चर्चा बाकी है। पितृ पक्ष समाप्त होते ही गठबंधन की घोषणा कर दी जायेगी। कल्पना सोरेन झारखंड के किसी आदिवासी आरक्षित सीट से चुनाव क्यों नहीं लड़ीं। हिमंता बिस्व सरमा ने हेमंत सोरेन के पत्र के संदर्भ में पूछे जाने पर कहा कि मैं जवाब मैं दूंगा। हालांकि जवाब वे खुद जानते हैं। लेकिन सोरेन को यह बताना चाहिए कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन झारखंड के किसी आदिवासी के लिए आरक्षित सीट से चुनाव क्यों नहीं लड़ीं। उत्तर उनके घर में ही है। यह उत्तर हमें देने की जरूरत नहीं है। घर में ही प्रतिदिन उन्हें उत्तर मिल रहा है। इसके बाद भी उन्होंने लिखित जवाब मांगा है, तो समय मिलते ही उन्हें मैं जवाब दूंगा।

**घुसपैठियों पर मंत्री इरफान को सोचना चाहिए :** हिमंता ने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट की टिप्पणी है कि राज्य को घुसपैठियों ने हाईजैक कर रखा है। मंत्री इरफान अंसारी को इस बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही नियुक्ति मामले में जांच का दायित्व राज्य सरकार का है। अगर उन्हें लगता है कि उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख सकते हैं।

### नामकुम अंचल जांच करने पहुंचे सदर एसडीओ, सीओ ने ताला तोड़ लिया था प्रभार

**रांची :** नामकुम अंचल कार्यालय का ताला तोड़ सीओ का प्रभार लेने के मामले की जांच करने के लिए आज रविवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार वहां पहुंचे। उनके साथ जिला प्रशासन की टीम भी मौजूद हैं। रांची डीसी ने एसडीओ को मामले की जांच कर इसमें संलिप्त पदाधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।



बता दें कि भू-राजस्व विभाग ने शुक्रवार देर रात 91 अंचल अधिकारियों का तबादला किया था। कोडरमा सदर में पदस्थापित सीओ राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया। इसके बाद शनिवार को राम प्रवेश कुमार नामकुम अंचल प्रभार करने पहुंचे। लेकिन अंचल में ताला लगा था। जिसके बाद सीओ ने ताला तोड़कर सीओ प्रभार ग्रहण किया था। सीओ का यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मामले में संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिये। जिसकी जांच करने रविवार को जिला प्रशासन की टीम सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में नामकुम अंचल पहुंची।

# पहाड़ी मंदिर के पुनर्विकास को 6.73 करोड़ की मंजूरी

# विवाह मंडप बनने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिलेगा लाभ

## मात्र 1100 रुपये में शादी के लिए विवाह मंडप दिया जाएगा

**मेट्रो रेज**




**रांची :** रांची पहाड़ी मंदिर के पुनर्विकास कार्य के लिए 6.73 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई हैं । राँची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विभागीय सचिव के पत्र के आलोक में पहाड़ी मंदिर की मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य के लिए 4.24 करोड़ रुपये , गार्ड वॉल व बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य के लिए 2.48 लाख रुपये की स्वीकृति दी हैं ।

बताते चले कि सभी कार्यों के लिए लगातार सरकार से राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति एवं श्री शिव बारात आयोजन महासमिति बहुत सारे कार्य के लिए माँग कर जिसपर इसी साल महाशिवरात्रि के दिन माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंच से इसके निर्माण एवं सौन्दरिक्रम के लिए घोषणा किया गया था । इसके बाद पर्यटन विभाग एवं उप विकास आयुक्त , प्रशाशनिक अधिकारियों के साथ लगातार पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा ,वित्त प्रभारी राजेश साहू , प्रवक्ता बादल सिंह , कोषाध्यक्ष विनोद कुमार के साथ बैठक किया गया था उसके बाद नगर निगम से ठडउ के बाद एवं विकास समिति के ठडउ के बाद कार्य आगे बढ़ा एवं उसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिला जिसके लिए पर्यटन कला संस्कृति , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के माननीय मंत्री श्री मिथलेश कुमार ठाकुर ,सचिव महोदय कअर मनोज कुमार , निदेशक अंजली यादव , उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा , उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ,जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार सिंह ,पूर्व आयुक्त जटाशंकर चौधरी, रोशन कुमार, दीपक कुमार,मुकेश कुमार को राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने सबका सहृदय आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया , वर्षो बाद पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए कार्य किया जा रहा हैं जिसे सभी भक्तो में हर्षोल्लास का माहौल हैं। राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के वित्त प्रभारी राजेश साहू ने कहा कि योजना कार्य के लिए पूर्ण सहयोग करेगा। समिति के द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए लिखित दिया गया था एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र भी विभाग को दिया गया था । समिति सभी भक्तो के बेहतर सुविधा के लिए हमेशा तत्पर हैं।

**अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा का कार्यालय**

**ई-निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना :-**

कारा मे संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियां, आलू, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं विविद्य सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति कि निमित वार्षिक ई-निविदा दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक एवं चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2024 से 31.12.2024 तक के लिए प्रकाशित ई-निविदा संख्या- HJ AND DM/DJ SIMDEGA/Y-1 (II)/2024/1085 एवं- HJ AND DM/DJ SIMDEGA/Q-4 /2024/1085, दिनांक 21.09.2024 के निस्तारण समिति के निर्णयानुसार उक्त आमंत्रित निविदा जो समाचार पत्रों में **PR 334060 Simdega(24-25)D** द्वारा प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

–ह0–
अधीक्षक, मंडल कारा,सिमडेगा

PR 337437 Simdega(24-25).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 01/R1/2024-25/RWD/RAMGARH जिसका PR No. 335983 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, रामगढ़

PR 337438 Rural Work Department (24-25)_D



# इस बार 9 की जगह 10 दिनों तक रहेगी नवरात्रि

**इस बार शारदीय नवरात्रि नौ की बजाय दस दिनों तक मनाई जाएगी। जयपुर के पंडितों के अनुसार, ऐसा इस साल तृतीया तिथि दो दिन पड़ने के कारण हो रहा है। शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू होकर 12 अक्टूबर तक चलेगी। पंडितों का मानना है कि नवरात्रि में तिथियों का बढ़ना शुभ संकेत माना जाता है।**

### घट स्थापना का समय

- सर्वश्रेष्ठ समय: प्रात: काल 6: 24 बजे से 8: 45 मिनट तक।
- अभिजीत मुहूर्त दिन में 11: 52 बजे से 12: 39 मिनट तक।
- चौघडिया मुहूर्त शुभ का चौघडि?I प्रात: 6: 24 बजे से 7: 52 मिनट तक।
- चर,लाभ व अमृत के चौघड़िए : दिन में 10: 48 बजे से दोपहर 3:12 मिनट तक।

**नवरात्र घट स्थापना में कन्या राशि का चतुग्रही योग बनेगा :** पंडित दिनेश मिश्रा एवं प्रकाशचंद वशिष्ठ एडवोकेट ने बताया कि हर बार नवरात्र स्थापना पर चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग रहता है, जो कि घट स्थापना में टाला जाता है। लेकिन इस बार कन्या राशि में चतुर्ग्रही योग बनेगा। जिसमें बुध, सूर्य, केतु और चंद्रमा विराजमान रहेंगे। कन्या राशि में सूर्य बुध से बुधादित्य योग का निर्माण होगा। शुक्र और राहु ग्रह के बीच षडाष्टक योग भी बनेगा।

### 10 दिनों तक रहेगी नवरात्रि की धूम

**इस** बार शारदीय नवरात्रि की धूम दस दिनों तक रहेगी। पंडितों का कहना है कि नवरात्रि में तिथि बढ़ना शुभ माना जाता है। विद्वान पंडित और माता गायत्री के उपासक एडवोकेट प्रकाश वशिष्ठ बताते हैं कि, 'नवरात्रों की तिथि घटने की बजाय बढ़ना फलदायी होता है।' सीकर के पंडित दिनेश मिश्रा कहते हैं कि, 'तृतीया तिथि की वृद्धि से नवरात्र दस दिन के होंगे। नवरात्र में तिथि वृद्धि होना शुभ फलदायक माना गया है। शास्त्रों में भी मान्यता है कि बढ़ा हुआ नवरात्र शुभ समृद्धि लाता है।' बाबोजी पंचाग के लेखक नरोत्तम बी. मिश्रा और आचार्य विकास मिश्र बताते हैं कि, 'इस बार शारदीय नवरात्र में 5 एवं 6 अक्टूबर दो दिन तृतीया तिथि रहेगी। छह अक्टूबर को बढ़ी हुई तृतीया तिथि 6 अक्टूबर को रात में भ्रदा भी रहेगी। 7 अक्टूबर को चौथा नवरात्र होगा।'

### घट स्थापना के दिन हस्त नक्षत्र में शुभ संयोग

बताया जा रहा है कि शारदीय नवरात्र पर घट स्थापना के समय इस बार पूरे दिन हस्त नक्षत्र में शुभ संयोग रहेगा। बताने की आवश्यकता नहीं कि नवरात्र में राजस्थान में शेखावाटी अंचल के झुंझुनूं जिले स्थित मनसा माता मंदिर, जमवाय माता, शाकंभरी मैया, सीकर में श्री जीणमाता, कुलोदय दुर्गा मंदिर, झुंझुनूं में चंचलनाथ टीला, खेमी शक्ति मंदिर झुंझुनूं समेत देश-प्रदेश के तमाम शक्ति पीठों एवं धार्मिक स्थलों पर नवरात्रों में रहने वाली धूम इस बार दस दिनों तक चलेगी। शारदीय नवरात्र में तो शेखावाटी अंचल में एक दशक से तो बंगाल की तर्ज पर जगह-जगह दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम रहती है। माता की पूजा के विशेष पांडाल लगाए जाते है। नवरात्र में सुबह शाम विशेष आयोजन होते है। शेखावाटी की दुर्गा पूजा महोत्सव राजस्थान में अपनी अलग पहचान बना चुकी है।

### नवरात्र से शुरू हो जाएगा त्यौहारी सीजन का आगाज

वहीं इसी दिन से मार्केट में फेस्टिवल सीजन की शुरूआत हो जाएगी। शारदीय नवरात्र से दिवाली तक बाजारों में खरीदारी की धूम रहेगी। बाजार को बूस्टर डोज मिलेगा। व्यापारियों ने भी नवरात्र के लिए अभी से तैयारियां शुरू की दी है। नए मॉडल के वाहन, गहने, कपड़े, पेंट, डेकोरेशन का सामान मंगलवा लिया है। शोरूम में विशेष सजावट शुरू हो गई है। नवरात्र से शुरू हुआ व्यापारिक सीजन दीपावली से होता हुआ देव उठनी ग्यारस के बाद ज्यादा बूम में जाएगा क्योंकि इसके बाद शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। इस अस्थाई विराम 14 दिसंबर के आसपास मल मास शुरू होने पर लगेगा।

# स्किन केयर के ये 4 प्रोडक्ट त्वचा को कर देते हैं बर्बाद

आजकल लगभग सभी लोग अपनी स्किन की इतनी ज्यादा फिक्र करते हैं कि बिना डॉक्टर की सलाह लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करने लगते हैं, जो आपकी त्वचा को बर्बाद करने लगती हैं। फिर भले ही इन चीजों को अच्छा बताकर इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन डमेंटोलॉजिस्ट स्किन केयर के इन प्रोडक्ट्स को यूज करने से मना करती हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्किन के ऐसे 4 प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप स्किन की बेहतरी के लिए करते हैं, लेकिन यह आपकी त्वचा को सिर्फ नुकसान पहुंचाते हैं।



### फुट स्क्रबर

कई महिलाएं डेड स्किन सेल्स और काली स्किन वाली एड़ी को साफ करने के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन यह आपकी एड़ियों की हालत ज्यादा खराब कर सकता है। इसलिए बेहतर है कि आप गर्म पानी में पैरों को भिगोकर सॉफ्ट तौलिए से पोछ लें। फिर पैरों में फुट क्रीम लगाएं। फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करने से आपकी एड़ियां ज्यादा फट सकती हैं।

### लूसा

अधिकतर घरों के बाथरूम में लूफा रखा होता है। जिसको नहाने के समय त्वचा को साफ करने के लिए यूज करते हैं। डमेंटोलॉजिस्ट की मानें, तो यह हमारी स्किन के लिए बहुत नुकसानदेह होता है। इसकी जगह आप अल्ढअ और इल्ढअ वाले जेंटल एक्सफोलिएशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप बॉडी पर लूफा का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके शरीर पर डार्क स्पॉट को ज्यादा खराब कर सकता हैं।

### फेस क्लींजर

आजकल स्किन केयर से जुड़े कई टूल्स मार्केट में आ गए हैं। जिनमें से एक टूल्स फेस क्लींजर है। यह फेस को गहराई से साफ करने में मदद करता है। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है।

अगर आप फेस क्लींजर से चेहरे को साफ करते हैं, तो इसका ब्रश आपकी त्वचा के लिए बहुत हार्ड होता है और स्किन को डैमेज कर सकता है। फेस क्लीन करने के लिए आपको हाथों का इस्तेमाल करना चाहिए। आप चाहें तो फेस क्लीन करने के लिए डबल क्लीनिंग कर सकते हैं। इसके अलावा फोम वाले फेस वॉश का भी यूज कर सकती हैं।

### क्यूटिकल कटर या पुशर

बता दें कि क्यूटिकल कटर या पुशर का इस्तेमाल पहले सिर्फ पार्लर में किया जाता था, लेकिन अब लोग घर में भी इसका इस्तेमाल करने लगे हैं। हमारे नाखूनों की जड़ों पर जो स्किन होती है, उसको क्यूटिकल कहते हैं। इसलिए क्यूटिकल कटर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# ऑफिस गरबा-डांडिया नाइट में दिखना चाहते हैं स्टाइलिश

## तो इन आउटफिट्स को जरुर ट्राई करें

नवरात्रि शुरू होने में दिन ही कितने रह गए है। नवरात्रि त्योहार शुरू होते ही जगह-जगह गरबा और डांडिया नाइट की कार्यक्रम होते हैं। अगर आपके ऑफिस में भी डांडिया नाइट का आयोजन होता है और आप भी महफिल की जान बनना चाहती है तो आप भी इन आउटफिट्स को जरुर ट्राई करें। नवरात्रि का पर्व पूरे देश में बड़े ही उत्साह से बनाया जाता है। पूरे भारत में मां दुर्गा के पंडाल लगते हैं और गरबा-डांडिया नाइट का अयोजन होता है। इस दौरान महिलाएं लहंगा चोली ही पहनना पसंद करती हैं। हांलाकि जब ऑफिस में गरबा-डांडिया नाइट का आयोजन होता है तो महिलाएं कंफ्यूज होती है कि वह क्या पहनें। इस दौरान आप फ्यूजन आउटफिट्स पहन सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ यूनिक आउटफिट्स, जिसे आप डांडिया और गरबा नाइट में पहन सकते हैं।

### जींस पर पहनें साड़ी

आजकल जींस के ऊपर साड़ी पहनने का स्टाइल काफी चल रहा है। कई एक्ट्रेसेस भी इस स्टाइल को अपना चुकीं हैं और आप भी इस ट्रेंड को अपना सकते हैं। परफेक्ट वेस्टर्न लुक पाने के लिए आप ये आउटफिट जरुर ट्राई करें।

### गुजराती स्कर्ट के साथ शर्ट

अगर आप भी ऑफिस की गरबा-डांडिया नाइट की महफिल लूटना चाहती हैं, तो आप गुजरात स्कर्ट के साथ आप शर्ट जरुर पहने। आप व्हाइट शर्ट नॉट बांधकर काफी अच्छी लगती हैं। इसके साथ ही आप कलरफुल मैचिंग स्कर्ट भी पहन सकते हैं। साथ ही आप सिल्वर जूलरी कैरी करें। इस लुक में सिल्वर नेकपीस और ईयररिंग्स अच्छे लगेंगे। आप बोहो लुक के लिए नोजपिन भी लगा सकते हैं।

### धोती पैंट और पेपलम कुर्ती

डांडिया-गरबा नाइट के लिए धोती पैंट और पेपलम कुर्ती भी एक बेहतरीन विकल्प है। इसको आप ऑफिस में होने वाले फंक्शन के लिए कैरी कर सकते हैं। इस प्रकार के आउटफिट में आपको ट्रेंडी और कम्फर्टेबल लुक मिलेगा। इस आउटफिट के साथ आप झुमके कैरी कर सकते हैं।

### बांधनी साड़ी

अगर आप ऑफिस के गरबा-डांडिया नाइट में सबसे बेहतरीन दिखना चाहते हैं, तो आप ऑफिस के फंक्शन में इस तरह की साड़ी को कैरी कर सकते हैं। इस साड़ी में आप क्लासी लुक दिखता है। जूलरी पहनकर आप एकदम खूबसूरत नजर आएंगे।





## किड्स के लांचबॉक्स में प्रोटीन से भरपूर
# मूंग सैंडविच रखें

**रोजाना टिफिन** में बच्चों को हेल्दी फूड्स बनाने के लिए आप भी सोचते रहते हैं क्या बनाएं। अब ज्यादा टेंशन न लें, बस बच्चों के टिफिन बॉक्स में टेस्टी और हेल्दी खाना देने के लिए आप एक बार हरी मूंग दाल से बने सैंडविच रख सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर सैंडविच को बनाना भी काफी आसान है। हर दिन माओं की यह टेंशन रहती है बच्चों के टिफिन में हेल्दी और टेस्टी खाने में क्या बनाकर दें। अगर आप भी यहीं सोचते रहते हैं तो चिंता को दूर करें। बस बच्चे के टिफिन में हरी मूंग से बना हुआ सैंडविच बनाकर रख दें, एक बार बच्चे ने इसे खा लिया है तो इसे बार-बार खाने के लिए मांगेंगे। इस रेसिपी को बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको बताते हैं मूंह सैंडविच की रेसिपी।

### हरी मूंग सैंडविच की सामग्री

- एक कप हरी मूंग की दाल
- ब्रेड
- दो चम्मच बेसन
- नमक स्वादानुसार
- जीरा
- हींग
- हल्दी पाउडर
- पिज्जा सिजनिंग
- मेयोनीज
- चीज
- टोमैटो सॉस
- देसी घी

### मूंग सैंडविच की रेसिपी

- इसके लिए पहले आप एक कप मूंग को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें।
- अगली सुबह मूंग की दाल को अच्छे सो धोकर बिना पानी के पीस लें।
- फिर पिसी हुए मूंग दाल में आप नमक, एक से डेढ़ चम्मच बेसन मिलाएं।
- इसके बाद आप जीरा, हींग डालें। साथ ही में पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार कर लें।
- अब नॉनस्टिक पैन को गैस पर गर्म करें, फिर उस पर घी लगाएं और उस पर मूंग के तैयार पेस्ट को पैनकेक की तरह फैला दें।
- मिश्रण को तवे पर फैलाने के बाद इसे करछल की मदद से साइस से दबाते रहें, इसे आप चौकोर शेप दें और ब्रेड के साथ रखने में अच्छा भी दिखेगा।
- इसको दोनो तरफ से सेंक लें और साथ ही में ब्रेड को भी तवे पर सेंक लें।
- फिर ब्रेड पर टोमैटो सॉस लगाएं। इसके साथ ही चीज ग्रेट करके डालें और ऊपर से पिज्जा सिंजनिंग छिड़क दें।
- तवे पर रखने से चीज पिघल जाएगा और इस पर तैयार मूंग का पैनकेक रख दें।
- अगर मूंग का पैनेकक ब्रेड के साइज से बड़ा है तो आप साइड से उसे कट कर दें और ब्रेड जितना शेप दें। चलिए आपका टेस्टी और हेल्दी मूंग ब्रेड सैंडविच तैयार है। आपके बच्चे भी इसे बड़े ही प्यार से खाएंगे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# जनता का हक लूटने वालों को कामयाब नहीं होने देंगे : मिथिलेश कुमार ठाकुर

मेट्रो रेज

**मेराल :** पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है. बेटी, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है. तब भाजपा के लोग कोर्ट में जाकर उसको रोकने का प्रयास कर रहे हैं. जनता का हक लूटने वालों की साजिश हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे. हर हाल में बेटी, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का पैसा मिलेगा. मंत्री ठाकुर मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे. ठाकुर ने कहा कि अभी आपके बीच बहुत सारे लोग घूम रहे हैं. वे आपके फायदा के लिए नहीं बल्कि किसी तीसरे का फायदा के लिए काम कर रहे हैं. वे किसी का एजेंट बने हुए हैं. चाहे वह 17 साल वाले हों, चाहे एआईएमआईएम के हों. ये सभी किसी तीसरे व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं. इनको वहां से लाभ मिल रहा है. आप जब तक एकजुट होकर नहीं रहेंगे, ऐसे लोगों को समाज से नहीं भगायेंगे तो आप ही का नुकसान होगा.

कहा कि सरकार आज जितनी भी योजनाएं चला रही है ये सब बंद कर देंगे. अपने हक एवं अधिकार के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ उसी व्यक्ति को चुनें जो आपके लिए काम कर रहा है. शनिवार को मंत्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड अंतर्गत चामा पंचायत के ग्राम गोबरदाहा में समदा टोला प्रा वि के समीप, तेलायदह यादव टोला प्रा वि के समीप, कुसमही आंगनबाड़ी केंद्र के समीप, ग्राम चामा में उर्दू मध्य विद्यालय के समीप, सलवनमा टोला प्रा वि के समीप, चामा चरका पत्थर टोला में जब्बार अंसारी के घर के समीप, चामा हरिजन मुहल्ला में सामुदायिक भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, साबिर अंसारी, नसीम अख्तर, मुश्ताक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अमीनुद्दीन अंसारी, उदय यादव, सुरेंद्र कोरवा, धर्मेंद्र परहिया, मीना देवी, सोनू कुमार, रिंकी देवी, हदीश अंसारी, अमर साव, अमीर हमजा अंसारी, शौकत अंसारी, कुलदीप राम, अनिल राम, नसीम अंसारी, सैफुल्लाह अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## विधायक निधि से शहर में लगेगा एक हजार स्ट्रीट लाइट

इससे पूर्व मंत्री मिथिलेश ने शहरी क्षेत्र में हो रहे काम की चर्चा की. कहा कि विधायक निधि से गढ़वा शहरी क्षेत्र में 1000 स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा. आगामी दशहरा पर्व के पूर्व प्रत्येक वार्ड में 50-50 स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कर दिया जाएगा. दशहरा में पूरा शहर दुधिया रौशनी से जगमग होगा. कहा कि विधायक निधि का इस्तेमाल सही तरीके से किया जाय तो बहुत सारा काम हो सकता है. इससे पूर्व भी विधायक निधि से सोलर स्ट्रीट लाईट, यात्री शेड, शमशान शेड, पीसीसी आदि काफी संख्या में बनाये गये है कहा कि आज पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों सहित विधायक निधि से किया गया कार्य भी चारों तरफ दिखलाई पड़ रहा है. मंत्री ने कहा कि पूर्व में भी विधायक निधि की राशि विधायकों को मिलती थी. परंतु पूरे विधानसभा क्षेत्र में आज पूर्व के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल का एक भी कार्य कहीं भी दिखाई नहीं पड़ता है. उन्होंने कहा कि यदि कार्य करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कम संसाधन में भी बेहतर कार्य किया जा सकता है. मंत्री ने कहा कि दशहरा से पहले पूरा शहर स्ट्रीट लाईट की रौशनी से जगमग हो जाएगा।

# शहीद भगत सिंह की शौर्य गाथा से आज भी आंखें हो जाती है नम : सुमन



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बिंदुधाम पथ स्थित आदित मेडिकल प्रांगण में शनिवार को अमर शहीद भगत सिंह जी की 117 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिष्ठित दवा व्यवसाय सह समाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोहर लाल चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार ने अमर शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात बारी-बारी से मौजूद लोगो ने भी माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। समाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार ने अपने संबोधन में कहा छोटी सी उम्र में दुनिया को अलविदा कहने वाला यह वीर जवान उस दिन भारत के इतिहास में अमर हो गया, जब आजादी के लिए लड़ते हुए 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को ब्रिटिश हुकूमत ने फांसी से लटका दिया था। इस बात को वर्षों गुजर गए हैं, लेकिन भगत सिंह आज भी हमारे जेहन में जिंदा हैं। उन्होंने आगे कहा अंग्रेजों ने उनकी सांसें तो थाम दी लेकिन उनके बलिदान के बाद पूरे देश में विद्रोह की आग तेज हो गई। उन्होंने कहा उनके जैसा आजादी का दीवाना इस देश को दोबारा नहीं मिला। उनकी देशभक्ति की शौर्य गाथा आज भी अगर कोई पढ़ ले तो उसकी आंखें नम हो जाए और सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। मौके पर पत्रकार सह बजरंग दल संयोजक आनंद भगत, राहुल, अंकित गुप्ता, अमित, अभिमन्यु, सुदामा सरकार, कैलाश रविदास, सुधीर, अनिल, चंदन, सहित दर्जनों युवा मौजूद थें।

## राजमहल विधायक ने राजमहल प्रखंड के मोकिमपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने शनिवार को राजमहल प्रखंड के मोकिमपुर पंचायत के गांव चंडीपुरऔर पंचकठिया,घाटजमनी में बाढ़ से ग्रसित क्षेत्र का दौरा किया। गंगा में पानी बढ़ने के कारण पूरा गांव जलमग्न हो गया हैं जिस कारण आवागमन का रास्ता बंद हैं। लोगो को आवागमन के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा हैं राजमहल विधायक अनंत ओझा ने चंडीपुर और पंचकठिया गांव का नाव से भ्रमण कर ग्रामीणों से मिले। उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने बाढ़ से पीड़ितों के बीच राहत समाग्री का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीण बच्चों से मिलकर बिस्किट व अन्य सामग्री का विरतण किया। ग्रामीणो ने राजमहल विधायक अनन्त ओझा से बताया कि अभी तक प्रशासन व सरकार की ओर से कोई देखने वाला भी नहीं आया हैं। जिस कारण अभी तक कोई राहत सामग्री नहीं मिला हैं। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि लगातार बाढ़ पीड़ितों का दर्द को शासन और प्रशासन के पास पहुँचा रहा हुँ। राज्य सरकार अब तक बाढ़ राहत को लेकर कोई गम्भीर नहीं है ।

# इस बार हम राजमहल से कांग्रेस प्रत्याशी लेने में कामयाब हो जाएंगे : जिला अध्यक्ष

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में साहिबगंज जिला में पड़ने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों की रायशुमारी के लिए एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह साहेबगंज जिला के प्रभारी उदय लखमानी बतौर जिला पर्यवेक्षक उपस्थित रहे ।सभी नगर और प्रखंड अध्यक्ष अपने प्रखंड पर्यवेक्षकों के साथ सील बंद लिफाफे में अपने-अपने प्रखंडों की सूची जिला पर्यवेक्षक को सौंपी ।बैठक में एक स्वर से राजमहल विधानसभा सीट कांग्रेस को देने के लिए पुरजोर तरीके से सभी ने वाकलत किया ।टिकट के सभी दावेदारों ने एक होकर जिला अध्यक्ष और पर्यवेक्षक से एकजुट होकर राजमहल सीट कांग्रेस के खाते में लाने के लिए प्रदेशस्तर पर बात रखने की मांग की। कई पदाधिकारियों ने कहा कि राजमहल विधानसभा सीट पर झामुमो 6 बार चुनाव लड़ी है लेकिन एक बार भी जीत नहीं पाई है ।जबकि ये सीट कांग्रेस की परम्परागत सीट रही है। जिला पर्यवेक्षक उदय लखमानी ने कहा कि प्रदेश से जिस काम के लिए मुझे आपके पास भेजा है उसे पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ रखेंगे ।राजमहल विधानसभा सीट पर आपके भावनाओं से प्रदेश कमिटी को अवगत कराने का काम करूंगा ।उन्होंने कहा कि जिला के हर सीट में कांग्रेस संगठन मजबूत है ।जिला पर्यवेक्षक ने बारी-बारी से सभी प्रखंड और नगर अध्यक्ष, विधानसभावार चुनाव लड़ने के लिए दावेदार आवेदनकर्ता,जिले के नेताओं,कार्यकताओं व समर्थकों से मिले और उनकी बातों को सुना ।जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि 30 सितंबर को प्रदेश में होने वाली बैठक में आप सभी कांग्रेसजनों की बातों को प्रदेश कमिटी के सामने रखूँगा. राजमहल सीट इस बार कांग्रेस की झोली में आए इसके लिए पूरा प्रयास करूंगा ।उम्मीद है इस बार हम राजमहल से कांग्रेस प्रत्याशी लेने में कामयाब हो जाएंगे ।बैठक में अनिल ओझा, मुर्शाद अली, बासुकीनाथ यादव, अशोक कुमार दास, नित्यानंद गुप्ता,आदित्य यादव, कौशिक विश्वास, मैनुल हक, महेन्द्र पासवान, मनोज ओझा, सुभाष कुमार, पूनम किरण चौरसिया, अनीता देवी, बीबी नूरजहां, बदरूददोजा, मो सलाउद्दीन, अली कुरैशी, सब्दुल अंसारी, सतीश कुमार पासवान, मो रिजवान,मो आफताब आलम, मो रियाज, सुभाष कुमार, संटू यादव, रमजान अली, राजेश कुमार सिंह, रामविलास यादव, अहमद अंसारी, रंजीत टुडू, अजमत हुसैन, संत चौधरी,उत्तम यादव, पप्पू रविदास, सोनू ओझा, संजय कुमार आदि दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।




## योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षात्मक बैठक

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** आयोजित होने वाले विशेष ग्राम के लिए भारत सरकार के द्वारा चिन्हित 06 पंचायतो सहित सभी 162 पंचायतों में आयोजित करने संबंधी विचार-विमर्श एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षात्मक बैठक सभी पंचायत सचिवों, प्रखंड समन्वयक, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ जिला पंचायत राज पदाधिकारी , साहिबगंज अनिल कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पिरामल के फैलो, पंचायती राज के यंग फैलो भी शामिल हुए ।विशेष ग्राम सभा हेतु विभागीय निदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु विस्तार पूर्वक डी0पी0एम0 संदीप कुमार के द्वारा बताया गया। उक्त बैठक में लगभग 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पर कार्यक्रम आयोजित

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 के तहत शनिवार को चानन में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट मे डीएफओ प्रबल गर्ग की अध्यक्षता में साफ-सफाई अभियान चालया गया ।डीएफओ प्रबल गर्ग ने उपस्थित लोगों को गंगा तटों को साफ-सुथरा स्वच्छ बनाने पॉलीथिन व कूड़ा-कचरा एवं गंदगी से मुक्त बनाने लोगों को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने गंगा में पॉलीथिन, कूड़ा-कचरा नहीं डालने,कपड़े के थैले का प्रयोग करने,घरों के गंदे पानी को निपटान के लिए सोखता गड्ढा बनाने,गंगा में पूजा सामग्री व मूर्तियां विसर्जित नहीं करने,खुले में शौच के बजाए शौचालय का प्रयोग करने की शपथ दिलाई ।मौके पर राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य प्रो रणजीत सिंह,निवर्तमान नप अध्यक्ष श्रीनिवास यादव सहित अन्य मौजूद थे।



# न्याय प्रदान करने की दिशा में राष्ट्रीय लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है : अखिल

मेंट्रो रेज

साहिबगंजःराष्ट्रीय लोक अदालत बिना किसी विलम्ब से अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक मंच है जिसमें निर्णय पक्षकार आपसी सहमति से करते हैं। इससे आपस की लड़ाई वहीं खत्म हो जाती है। इसमें पक्षकार आपस में समझौता स्वयं करते हैं ।न कि न्यायालय फैसला करती है । उपर्युक्त बातें आज व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार ने कहीं । उन्होंने आगे कहा कि जब पक्ष और विपक्ष आपस में केस लड़ते है। तो एक पक्ष जीतता है तो दूसरा पक्ष हारता है ।लेकिन राष्ट्रीय लोक अदालत का निर्णय, अन्तिम निर्णय होता है, जिसकी अपील नहीं होती है। और आपसी सुलह समझौते के आधार पर निर्णय होने पर दोनों पक्ष जीतते है। प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में राष्ट्रीय लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है ।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में साहेबगंज अनुमंडल में कुल 5145 वादों का निस्तारण किया गया। जिसकी समझौता राशि 10076781 रूपया है ।राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायलय संजय कुमार उपाध्याय, आरक्षी अधीक्षक अमित कुमार सिंह, डीएफओ प्रबल गर्ग जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सात बेंचों के माध्यम से कोर्ट में लंबित, प्री-लिटिगेशन के मामले एवं अन्य सुल्हनीय मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, सीजेएम धर्मेन्द्र कुमार,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला लोक अभियोजक आनंद कुमार चौबे, मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविन्द गोयल व उनकी टीम, अग्रणी बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार, अधिवक्ता रेणुका कुमारी आदि मौजूद थे।




## न्यूज IN ब्रीफ

### ईस्टर्न रेलवे यूनियन शाखा प्रथम त्रिवार्षिक अधिवेशन का झंडोतोलन कर हुआ शुभारम्भ



**साहिबगंज/मेंट्रो रेज :** ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा १ का साहिबगंज प्रथम त्रिवार्षिक अधिवेशन रेलवे जेनरल इंस्टीट्यूट साहिबगंज में झंड़ोत्तोलन शहिद वेदी पर मल्यार्पण कर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया ।जिसमें केंद्र से आये हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष साथी रूपातन दास चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में शिरकत किया ।केंद्रीय उपाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में यूनिफाइड पेंशन योजना को लेकर विस्तार से अपने विचार को रखने का काम किया ।उसके बाद शाखा सचिव अनिल कुमार राय ने अपने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। जिसमें उन्होंने साहिबगंज की ऐतिहासिक एवम प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं पर पेंशनरों की समस्याओं,एवम यूनिफाइड पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार के कर्मचारी विरोधी नीति पर हमला किया ।वहीं कोषध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने दो वर्षों का लेखा जोखा रखते हुए अपनी बातों को समाप्त किया। तत्पश्चात तीन वर्षों के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार मंडल एवम शाखा सचिव के रूप में अनिल कुमार राय को फिर से चुना गया ।एवम कोषाध्य मृत्युंजय कुमार को नियुक्त किया गया इसके साथ ही आठ शाखा पदाधिकारी एवम दो केंद्रीय परिषद एवम चार डेलीगेट टू टी जी एम, १२ शाखा परिषद को लेकर नई टीमों का गठन किया गया ।बैठक में सहायक सचिव राजेश कुमार तांती,नवीन कुमार,मृत्यूंजय कुमार राजेश कुमार सिंह,विक्रम कुमार,विकास कुमार,अजीत सिंह,उत्तम कुमार सहित कर्मचारियों ने अधिवेशन में भाग लिया।

### उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक



**साहिबगंज/मेंट्रो रेज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त- सह- जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष हेमंत सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग,प्रोजेक्ट कायाक्लप, जिला स्तरीय कमिटी एनएआरसीओ- सीओ- ओआरबीआईएन एटीआईओएन -एनसीओआरडी की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में की गई कार्रवाई कीजानकारी ली एवं सभी कायों को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया ।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ।उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालीया एवं सभी स्वास्थ्य विभाग कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना मे दो युवक घायल

**साहिबगंज/मेंट्रो रेज :** सदर अस्पताल के मुख्य गेट के पास तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया ।जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।दोनों युवक हबीबपुर बिजली घाट निवासी रमेश कुमार 30 वर्ष एवं नॉर्थ कॉलोनी निवासी रणधीर कुमार 32 वर्ष हैं। इधर दुर्घटना के सूचना के बाद घायल युवकों के स्वजन व दोस्त सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए अपनी देखरेख में इलाज करवाया ।घायल रमेश कुमार ने बताया की हमलोग बोरियो से साहिबगंज स्टेडियम रोड के तरफ से अपने घर हबीबपुर बिजली घाट जा रहे थे ।तभी सदर अस्पताल के पास अचानक टोटो ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया ।राहगीरों कि मदद से इलाज के सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### पूजा पर्व को देखते हुए मालदा से बांद्रा के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**साहिबगंज/मेंट्रो रेज :** दुर्गा पूजा, काली पूजा ,छठ पूजा को देखते हुए मालदा रेल खंड ने विशेष स्पेशल ट्रेन चलने का निर्णय लिया है ।जो मालदा टाउन से साहिबगंज के रास्ते बांद्रा टर्मिनस को जाएगी। इन ट्रेन से नियमित ट्रेनों में भीड़ कम होती है ।जिससे यात्रा का अनुभव सुगम होता है। मालदा न्यू फरक्का, भागलपुर, जमालपुर क्षेत्रों के यात्रियों को इससे काफी लाभ होगा। इस विशेष ट्रेन के चलने से 17,900 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। 09027 बांद्रा टर्मिनल-मालदा टाउन स्पेशल 02 सितंबर और 27 नवंबर 09 ट्रिप के बीच प्रत्येक बुधवार को बांद्रा टर्मिनल से 11:00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 16:30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। 09028 मालदा टाउन-बांद्रा टर्मिनल स्पेशल 05 अक्टूबर और 30 नवंबर 09 ट्रिप के बीच प्रत्येक शनिवार को मालदा टाउन से 17:30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 18:15 बजे बांद्रा टर्मिनल पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्वी रेलवे क्षेत्राधिकार में अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरवरहा और न्यू फरक्का स्टेशनों सहित 36 स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में स्लीपर क्लास और वातानुकूलित आवास उपलब्ध होंगे ।09028 मालदा टाउन-बांद्रा टर्मिनल स्पेशल की बुकिंग पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है।

### गंगा नदी के बढते जलस्तर को देखते हुए उपायुक्त ने दियारा क्षेत्र का निरीक्षण किया

**दियारा क्षेत्र छोड़ जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए बाढ़ राहत शिविरों में शरण लें : उपायुक्त**

**साहिबगंज/मेंट्रो रेज :** गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एवं कोशी नदी से 6,81,639 लाख क्यूसेक जलश्रय किया जाएगा जिससे गंगा नदी में तीव्र गति से जलस्तर बढ़ेगा ।जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त ने साहिबगंज प्रखंड अंतर्गत आज छोटा रामपुर दियारा, कारगिल दियारा हरिप्रसाद का निरीक्षण किया गया ।उपायुक्त ने निरीक्षण क्रम में दियारा क्षेत्र में रह रहे ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली एवं गंगा के बढते जलस्तर एवं कोशी नदी से जलश्रय से अवगत कराया व अपील किया गया कि जल्द दियारा क्षेत्र को छोड़ कर सुरक्षित स्थान पर शरण ले। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा बाढ़ राहत के लिए हर समय तत्पर पर जिसमें जिला प्रशासन के द्वारा दियारा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बोट की व्यवस्था की गई है। दियारा ग्रामीण को लाकर जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत शिविर में उन्हें शरण दिया जाएगा। दियारा क्षेत्र निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त समेत वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, अपर समाहर्ता गौतम भगत मौजूद थे।



### एसपी ने कई पुलिस पदाधिकारियों का किया स्थानांतरण

**साहिबगंज/मेंट्रो रेज :** एसपी अमित कुमार ने शनिवार को जिले के कई पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुअनि अनीश कुमार पांडेय व भीम सिंह को पुलिस केंद्र से नगर थाना रोहित कुमार को राधनागर अमित सोनी को मुफससिल ओम प्रकाश चौहान को राजमाहल कार्तिक उरांव को रांगा थाना अनांद किशोर भगत को बरहरवा से नियंत्रण कक्ष जय बहादुर सिंह को राधनागर से पुलिस केंद्र संजय कुमार दुबे को तीनपहाड़ से राधनागर सअनि चंचल कुमार को पुलिस केंद्र से मुफस्सिल संजय सिंह को रांगा से मुजाचीकी विजय दुबे को मिजाचौकी से जिरवाबाड़ी, गोपेश्वर मिश्रा को पुलिस केंद्र से महिला थाना राजमाहल मसअनि एस्टर टूडू को पुलिस केंद्र से बरहरवा थाना ताबदला किया गया है।



# आईफा में आराध्या को लेकर हुआ सवाल, ऐश्वर्या राय ने दिया जवाब

**एक बार** फिर बच्चन परिवार चर्चा में है। अभिषेक-ऐश्वर्या में अनबन, ऐश्वर्या और आराध्या की बच्चन परिवार से दूरी सोशल मीडिया पर नेटिजेंस देख रहे हैं। ऐश्वर्या जहां भी जाती हैं, साथ में बेटी आराध्या होती है। हाल ही में एक महिला पत्रकार ने ऐश्वर्या से आराध्या को लेकर सवाल पूछा। ऐश्वर्या ने भी इसका सीधा जवाब दिया। ऐश्वर्या राय बच्चन बेटी आराध्या के साथ हाल ही में अबू धाबी में हुए आईफा अवॉर्ड्स में पहुंचीं। इस मौके पर मीडिया के सामने पोज देने के बाद एक महिला पत्रकार ने उनसे आराध्या के बारे में सवाल पूछने की कोशिश की। आराध्या का नाम सुनकर ऐश्वर्या रुक गईं और सवाल ध्यान से सुनने लगीं। पत्रकार ने पूछा, 'आराध्या हमेशा आपके साथ नजर आती हैं। वह पहले से ही सर्वश्रेष्ठ से सीख रही है।' ऐश्वर्या जवाब देती हैं, 'वह मेरी बेटी है। वह हमेशा सर्वश्रेष्ठ होती हैं।' दोनों माइलकिस मुस्कुराते हुए वहां से निकल जाते हैं। इस मौके पर ऐश्वर्या सुनहरी कढ़ाई वाली काली पोशाक पहने नजर आ रही हैं। आराध्या की व्हाइट जैकेट ने ध्यान खींचा है। उनके ड्रेसिंग सेंस को देखकर नेटीजन्स ने 'दोनों ने जादूगरों जैसे कपड़े क्यों पहने हैं' और 'ऐश्वर्या को अपना डिजाइनर बदल लेना चाहिए', जैसे कमेंट्स किए हैं। एक ने ट्रोल किया कि कुछ दिन पहले ऐश्वर्या साउथ सिनेमा के अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई गई थीं। वहां आराध्या भी उनके साथ थीं। हाल ही में पेरिस फैशन वीक में भी उन्हें मां बेटी को साथ देखा गया था। क्या आराध्या स्कूल नहीं जाती।

# वासु भगनानी ने नेटफ्लिक्स पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**बॉलीवुड फिल्म** निमार्ता वाशु भगनानी ने नेटफ्लिक्स इंडिया पर 47.37 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। वशु की पूजा एंटरटेनमेंट कंपनी के प्रमुख ने दावा किया है कि नेटफ्लिक्स इंडिया ने उनसे 47 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।

### वाशु भगनानी ने नेटफ्लिक्स पर लगाया आरोप




नेटफ्लिक्स ने कुछ दिन पहले रिलीज हुई वाशु की फिल्म 'हीरो नंबर 1', 'मिशन रानीगंज' और 'बड़े मियां छोटे मियां' के राइट्स खरीदे हैं। हालांकि, वाशु ने दावा किया है कि अधिकार खरीदने के बाद पैसे नहीं मिले। इसलिए, वाशु ने लॉस गैटोस प्रोडक्शन सर्विसेज इंडिया के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। यह भी पता चला है कि आर्थिक अपराध शाखा ने प्रोडक्शन हाउस ईओडब्ल्यू को भी समन जारी किया है। वाशु के आरोपों के बाद नेटफ्लिक्स ने इस पर सफाई दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। इस ओटीटी कंपनी ने दावा किया है कि पूजा एंटरटेनमेंट पर नेटफ्लिक्स का पैसा बकाया है। साथ ही ओटीटी कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि पूजा एंटरटेनमेंट की ओर से किए गए सभी दावे झूठे हैं। 'ये दावे पूरी तरह से झूठे हैं। दरअसल पूजा एंटरटेनमेंट पर नेटफ्लिक्स का पैसा बकाया है। नेटफ्लिक्स ने कहा, हमारे पास भारत में रचनात्मक समुदाय के साथ साझेदारी करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है और हम इस विवाद को सुलझाने के लिए अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं। इस बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और अली अब्बास जफर के बीच विवाद हो गया है। भगनानी ने आरोप लगाया है कि अली ने अबू धाबी में 9.50 करोड़ रुपये की ठगी की, जबकि अली का कहना है कि फिल्म के निर्देशन के लिए 7.30 करोड़ रुपये नहीं मिले। भगनानी ने इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है।

# रामायण : द लेजेंड ऑफ प्रिंस राम 18 अक्टूबर को नए डब वर्जन के साथ सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**कल्ट क्लासिक रामायण :** 'द लेजेंड ऑफ प्रिंस राम' ने लोगों में बहुत उत्साह पैदा किया है और इस तरह से फैंस इसके लिए सिनेमाघरों में अपकमिंग रिलीज का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस शानदार रिस्पॉन्स के बाद, गीक पिक्चर्स इंडिया ने ऑफिशियल तौर पर घोषणा की है कि वाल्मीकि रामायण का मच अवेटेड एनीमे एडेप्टेशन 18 अक्टूबर को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसमें हिंदी, तमिल और तेलुगु में नए डब वर्जन और ओरिजनल अंग्रेजी डब भी शामिल हैं।

बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी हिट फिल्मों के लिए जाने जाने वाले पॉपुलर स्क्रीन राइटर वी. विजयेंद्र प्रसाद के शामिल होने से इस एडेप्टेशन में और भी ज्यादा क्रिएटिव टेलेंट जोड़ा गया है। इन नए डब्स के चलते, पॉपुलर एनीमे फिल्म एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंच जाएगी, जिससे यह पसंदीदा क्लासिक आज के नई पीढ़ी में भी अपना कनेक्शन बना पाएगी।



भारतीय त्योहारों दशहरा और दिवाली के दौरान रिलीज होने वाले रामायण : 'द लेजेंड ऑफ प्रिंस राम' काफी बड़ा सिनेमाई उत्सव बनने वाला है, जो भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को जापानी एनीमे की खूबसूरती के साथ मिलाता है। गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा भारत भर में डिस्ट्रिब्यूटेड यह फिल्म देश भर के दर्शकों को अपनी तरफ खींचने के लिए तैयार है।

# देवरा में जान्हवी कपूर की खूबसूरती को देखते रह गए बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया

**अभिनेत्री जाह्नवी** कपूर ने साउथ सिनेमा में दमदार डेब्यू किया है। हाल ही में जाह्नव की फिल्म 'देवरा' रिलीज हुई थी। उन्होंने साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा। इसके अलावा फिल्म में सैफ अली खान खलनायक की भूमिका में थे। स्क्रीन पर जाह्नवी की खूबसूरती देखकर उनके कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया भी मंत्रमुग्ध हो गए। फिल्म देखते हुए सोशल मीडिया पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।



जाह्नवी कपूर बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया को पिछले कुछ सालों से डेट कर रहे हैं। फिलहाल दोनों को अक्सर इवेंट्स, फंक्शन, पार्टियों में साथ देखा जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जाह्नवी उन्हें प्यार से 'शिक्खू' कहकर बुलाती हैं। शिखर भी खुलकर जाह्नवी की तारीफ करते रहते हैं। शुक्रवार को 'देवरा' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। शिखर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो तस्वीरें शेयर कीं। पहली फोटो में उन्होंने 'देवरा' नाम से फोटो पोस्ट की और लिखा, 'वाह!'। दूसरी फोटो में उन्होंने जाह्नवी का क्लोजअप शेयर किया है। बड़े पर्दे पर उनकी खूबसूरती देखकर अपने आप को रोक नहीं पाए। शिखर ने लिखा, 'क्या मैं सपना देख रहा हूं।'

जाह्नवी और शिखर की केमिस्ट्री हमेशा चर्चा में रहती है। यह भी चर्चा थी कि दोनों जल्द ही शादी कर लेंगे। लेकिन जाह्नवी ने कहा था कि उनका फिलहाल शादी का कोई प्लान नहीं है। फिलहाल वह अपने करियर पर फोकस कर रही हैं। साउथ में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने के बाद वह सुपरस्टार राम चरण के साथ भी नजर आएंगी। उनकी फिल्म आरसी 16 इसी साल रिलीज होगी। इसके अलावा जाह्नवीऔर वरुण धवन की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' अगले साल आ रही है।



# बेटे को जन्म देने के चार महीने बाद काम पर लौटीं यामी गौतम

### यामी गौतम वर्कफ्रंट

**वर्कफ्रंट की बात करें तो यामी ने अपने करियर की शुरूआत एक मॉडल के रूप में की और चांद के पार चलो के जरिए टीवी में एंट्री की। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म उल्लास उषा से की और बाद में उन्हें विक्की डोनर में मुख्य भूमिका मिली। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। तब से वह बदलापुर, सनम रे, उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, भूत पुलिस, चोर निकल के भागा और अन्य जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। एक्ट्रेस आखिरी बार आर्टिकल 370 में नजर आई थीं।**

**यामी गौतम** बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्हें उनके अभिनय कौशल और सिल्वर स्क्रीन पर विभिन्न भूमिकाओं के साथ प्रयोग करने की क्षमता के लिए सराहा जाता है। यामी ने 4 जून 2021 को फिल्म प्रोड्यूसर आदित्य धर से शादी की। यह कपल हाल ही में एक बच्चे के माता-पिता बने हैं। मां बनने के कुछ महीनों बाद यामी ने काम पर वापसी का भी ऐलान कर दिया है।

यामी गौतम ने 10 मई 2024 को बेटे वेदा को जन्म दिया। एक मां के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए उन्होंने पिछले कुछ महीनों से अपनी निजी जिंदगी को मीडिया से दूर रखा है। वह सोशल मीडिया पर भी कम एक्टिव रहती थीं। लेकिन 27 सितंबर, 2024 को शहर में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान यामी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया।

यामी ने शीशे के सामने तैयार होते हुए अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वह अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन की गई एथनिक लाल पोशाक और झुमके पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और खुले बालों से पूरा किया। इस लुक में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं। फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और अब मैं काम पर वापस आ गया हूं, इस अद्भुत कार्यक्रम के लिए मेक माई ट्रिप टीम को धन्यवाद।

### बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम घोषित

# तेज गेंदबाज मयंक यादव को मौका

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। सूर्यकुमार यादव को टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि संजू सैमसन को विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। अतिरिक्त विकेटकीपर के तौर पर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी टीम में स्थान मिला है। वहीं, आईपीएल में जलवा बिखेरने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव का भी पहली बार चयन हुआ है। टीम में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की भी वापसी हुई है।

बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। टेस्ट सीरीज के बाद भारत ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। टेस्ट टीम का हिस्सा रहे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को आराम दिया गया है। इनकी जगह, अभिषेक शर्मा, रियान पराग और नितीश कुमार रेड्डी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, आईपीएल 2024 में घातक गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव को उनकी मेहनत का इनाम मिला है। सूर्यकुमार की अगुवाई वाली 16 सदस्यीय टीम में तीन तेज गेंदबाज, तीन फिरकी गेंदबाज और 6 हरफनमौला खिलाड़ियों का चयन हुआ है। वहीं दो विकेट कीपर भी हैं।




### बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

# आईपीएल में एक बार फिर राइट टू मैच कार्ड नियम की हुई वापसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने आईपीएल 2025 से पहले होने वाले मेगा ऑक्शन के लिए रिटेंशन पॉलिसी का ऐलान कर दिया है। इस बार आईपीएल में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। शनिवार 28 सितंबर को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए गए। राइट टू मैच कार्ड की भी ऑक्शन भी में वापसी हो गई है। लेकिन राइट टू मैच कार्ड को इस्तेमाल करने के नियम में बदलाव किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को बड़ा फायदा होने वाला है।




राइट टू मैच कार्ड का कैसे होगा इस्तेमाल- आईपीएल 2025 से पहले सभी टीमें ज्यादा से ज्यादा 6 प्लेयर्स को रिटेन कर सकती हैं, जिसमें राइट टू मैच कार्ड में शामिल रहेगा। फ्रैंचाइजी ज्यादा से ज्यादा पांच कैप्ड खिलाड़ियों (भारतीय/विदेशी) और ज्यादा से ज्यादा दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। अगर टीमें ऑक्शन से पहले ही 6 खिलाड़ियों को रिटेन करती हैं तो उसके पास ऑक्शन में फ्ळट कार्ड नहीं होगा।

वहीं, फ्रैंचाइजी अगर पांच खिलाड़ियों रिटेन करती है तो उससके पास एक राइट टू मैच कार्ड होगा। जिससे वह ऑक्शन में आने पर अपने मौजूदा खिलाड़ियों में से किसी एक को वापस अपना हिस्सा बने सकती है। यानी फ्रैंचाइजी जितने कम खिलाड़ी रिटेन करेंगी, उसके पास उतने ही राइट टू मैच कार्ड बढ़ जाएंगे, जिसका वह ऑक्शन में इस्तेमाल कर सकती है।

# मध्य प्रदेश के मैहर में हाइवा से टकराई बेकाबू बस, 9 लोगों की मौत, 24 घायल

एजेंसी

**सतना।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में शनिवार आधी रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। नादन देहात थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक (हाइवा वाहन) से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, आभा ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी। रात करीब 11 बजे नादन थाने से कुछ दूर स्थित चौरसिया ढाबे के पास बस तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े हाइवा में जा घुसी। हादसे के समय बस में बस में 45 यात्री सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि बस क्षतिग्रस्त होकर पिचक गई और यात्री उसमें बुरी तरह फंस गए।

सूचना मिलते ही नादन और मैहर पुलिस मौके पर पहुंच गई है



और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। रेस्क्यू में जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। गैस कटर से बस का दरवाजा काट कर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। रात करीब 2 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हुआ। मैहर एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल और मैहर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल मौके थे।

मैहर सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि हादसा शनिवार रात लगभग 11 बजे हुआ। 53 सीटर बस में 45 यात्री सवार थे। हादसे में 9 लोगों की मौत हुई है, जबकि 24 यात्री घायल हैं। घायलों में नौ को अमरपाटन, सात को मैहर सिविल हॉस्पिटल और आठ को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में चार लोगों की पहचान हो पाई है। इनमें लल्लू यादव (60) पुत्र राम अवतार यादव निवासी प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश, राजू उर्फ प्रांजल (18) पुत्र जितेंद्र निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश, अम्बिका प्रसाद (55) पुत्र मोतीलाल जौनपुर, उत्तर प्रदेश और गणेश साहू (दो वर्ष) पुत्र अजय कुमार साहू निवासी नागपुर, महाराष्ट्र शामिल हैं। पांच मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

## गुजरात: द्वारका हाइवे पर भीषण सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत, मरने वालों में 5 एक ही परिवार के

**द्वारका।** देवभूमि द्वारका जिले के पादर में शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार 5 लोगों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। घटना में 15 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें खंभालिया के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। किसी पशु के सड़क पर अचानक आने से बस चालक स्टियरिंग से संतुलन खो बैठा और डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रहे 3 वाहनों को चपेट में ले लिया। हादसे में बस के साथ दो कार और एक बाइक की टक्कर हुई है।

द्वारका-खंभालिया हाइवे पर द्वारका से करीब 6 किलोमीटर दूर बरडिया गांव के पास शनिवार देर शाम करीब 8 बजे निजी ट्रैवेल्स एजेंसी की बस सड़क पर किसी पशु के आने के बाद असंतुलित हो गई। चालक ने बस मोड़ने की कोशिश की जिसमें बस डिवाडर के पार जाकर सामने से आ रही दो कार और एक बाइक से जा भिड़ी। हादसे के बाद बस पलट गई। दुर्घटना में अलग-अलग वाहनों में सवार 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 लोग एक ही परिवार के हैं। मृतकों में हेतलबेन ठाकोर (28), प्रियांशी ठाकोर (18), तान्या ठाकोर (3), रियाजी ठाकोर (2), विरेन ठाकोर, चिराग बारिया (26) एक अन्य अज्ञात महिला के नाम शामिल हैं। घटना में मृतक 5 लोग



गांधीनगर जिले के पलसाणा कलोल गांव के निवासी बताए बताए गए हैं। जबकि चिराग बारिया द्वारका जिले के बरडिया का निवासी बताया गया है।

घटना के बाद अलग-अलग जिलों से एम्बुलेंस पहुंच गए। घायलों को खंभालिया के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जामनगर की सांसद पूनम माडम, मंत्री मूलु वेरा समेत वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। जामनगर के जीजी हॉस्पिटल से डाक्टरों की टीम घायलों का इलाज कर रही है। प्रांत अधिकारी अनमोल अवटे के अनुसार घायलों के प्राथमिक इलाज के बाद सभी को खंभालिया हॉस्पिटल में इलाज कराया जा रहा है।

## नेपाल में बाढ़ से भीषण तबाही

# अबतक 112 लोगों की मौत, सौ से अधिक लापता



एजेंसी

**काठमांडू ।** नेपाल में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण अब तक 112 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सौ से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं।

राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाके में सबसे अधिक तबाही देखने को मिल रही है। काठमांडू का अधिकांश हिस्सा डूबा हुआ है। जानमाल का सबसे अधिक नुकसान यहीं देखने को मिला है। काठमांडू का अपने आसपास के दूसरे जिले से सड़क संपर्क टूट गया है। लगातार बारिश के कारण काठमांडू सहित देशभर के विमान स्थलों को बंद कर दिया गया है। बारिश के कारण बिजली के पोल गिरने से बिजली की सप्लाई बंद है और इंटरनेट सेवा भी बाधित है।

नेपाल में 323 मिलीमीटर की रिकार्ड बारिश के कारण पिछले 24 घंटे में 100 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 100 से अधिक लोगों के लापता होने की भी जानकारी दी गई है। बाढ़ के कारण सैकड़ों लोगों के घायल होने की जानकारी गृह मंत्रालय के तरफ से दी गई है।

पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन के कारण देश के 48 राजमार्ग पूरी तरह से बंद हो गए हैं। काठमांडू को जोड़ने वाले सभी राजमार्ग और अन्य रास्ते भूस्खलन के कारण बंद हैं। देश के कई जिलों का काठमांडू से किसी भी माध्यम से संपर्क टूट चुका है। शुक्रवार शाम से ही कई यात्री वाहक बस जगह-जगह पर फंसे हुए हैं। कुछ यात्री बसों के भूस्खलन की चपेट में आने से यात्रियों की जान गई है। शनिवार शाम ऐसे ही दो बसों के पता लगने के बाद से उनमें से 14 शव निकाले गए।

लगातार बारिश के कारण देशभर के हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। काठमांडू विमानस्थल से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। मौसम खराब और कम विजिबिलिटी के कारण शनिवार को अधिकांश इंटरनेशनल एयरलाइंस को भारत की तरफ डाइवर्ट कर दिया गया था। जिन कुछ विमानों का उड़ान रविवार सुबह हो भी पाया उनके यात्री विमानस्थल नहीं पहुंच पाए। गोरखा से दो दिन पहले काठमांडू के लिए रवाना हुई दो बसों का अब तक कोई पता नहीं लग पाया है।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि लगातार बारिश और बाढ़ के कारण देशभर के 15 बड़ी पुल ध्वस्त हो गई है। इनमें नेपाल और चीन को जोड़ने वाली दो बेलीब्रिज भी शामिल है।

## तमिलनाडु कैबिनेट में 6 फेरबदल

# उदयनिधि स्टालिन बनेंगे उप मुख्यमंत्री, आज शपथ ग्रहण



एजेंसी

**नई दिल्ली।** एमके स्टालिन की अगुवाई वाली तमिलनाडु की डीएमके सरकार में बड़ी फेरबदल के तहत उदयनिधि स्टालिन को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वी सेंथिल बालाजी, डॉ गोवी चेझियान, आर राजेंद्रन और एसएम नासर को मंत्रिपरिषद में शामिल करने की सिफारिश की, जिसे शनिवार को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी। मनोनीत मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार दोपहर 3.30 बजे चेन्नई स्थित राजभवन में होगा।

डीएमके सरकार को सत्ता संभाले तीन साल हो गए और तीन साल बाद मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव किये गये हैं। सरकार में उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उदयनिधि स्टालिन, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। राज्य में काफी समय से उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनाए जाने को लेकर चचाएं चल रही थी।

मंत्रिमंडल विस्तार में सबसे चौंकाने वाला नाम सेंथिल बालाजी का है। सेंथिल बालाजी को सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को ही जमानत दी है। उन्हें एक साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। अब वह फिर से तमिलनाडु सरकार में कैबिनेट मंत्री होंगे। स्टालिन सरकार ने कैबिनेट में कुल छह बदलाव किए हैं।

## तिरुपति लड्डू विवाद में अब हुई सुब्रमण्यम स्वामी की एंट्री

# 30 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



एजेंसी

**नई दिल्ली :** तिरुपति लड्डू विवाद पर भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी और तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर को सुनवाई करेगा। सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की है। गौरतलब है कि चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है।

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक स्वतंत्र जांच समिति (एसआईटी) गठित कर इन आरोपों की जांच की भी मांग की है। इससे पहले, आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति लड्डू (पवित्र मिठाई) में पशु वसा की मिलावट के कथित मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में एनडीए विधायक दल की बैठक के दौरान आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु वसा का इस्तेमाल किया। इन आरोपों ने पूरे देश में बड़े पैमाने पर विवाद खड़ा कर दिया, जिससे करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं।

# गुजरात: सोमनाथ मंदिर के पास 9 अवैध धार्मिक ढांचों को गिराया

## विरोध पर लाठीचार्ज, कई लोग हिरासत में

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सोमनाथ मंदिर के पीछे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इसके तहत गिर सोमनाथ जिला प्रशासन ने शनिवार को प्रभास पाटन कस्बे में सरकारी जमीन पर बने अल्पसंख्यक समुदाय के नौ धार्मिक ढांचों को ध्वस्त कर दिया। सुबह-सुबह तोड़फोड़ अभियान में बाधा डालने की कोशिश कर रही बड़ी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

करीब 120 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना को लेकर शनिवार को प्रभास पाटन का मुख्य बाजार बंद रहा। जानकारी के मुताबिक, तीन पड़ोसी जिलों के एसपी की निगरानी में 1,400 पुलिसकर्मियों की ओर से समर्थित 12 घंटे का अभियान सुबह 5 बजे शुरू हुआ।

कलेक्टर ने कहा कि नौ धार्मिक स्थल और 45 कमरों का इस्तेमाल मुसाफिर खाने के तौर



पर किया जा रहा था। जमीन की कीमत 320 करोड़ रुपये आंकी गई है। हमने नोटिस जारी किए हैं और उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। लेकिन हमें कोई जवाब नहीं मिला। जब तोड़फोड़ अभियान शुरू हो गया और हमने 102 एकड़ जमीन खाली करा ली है। हम दो दिनों के भीतर जमीन खाली करा लेंगे।

एक सूत्र ने बताया कि प्रशासन ने नोटिस की अवधि भी बढ़ा दी ताकि रहने वालों को इमारतें खाली करने का समय मिल सके। पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिड़िया जीआईडीसी सर्किल और शंख सर्किल के बीच 5 किलोमीटर की सड़क को बंद कर दिया था। प्रशासन ने अभियान के लिए 35 अर्थमूवर, 50 ट्रैक्टर और 10 ट्रक तैनात किए, लेकिन एक दिन में मलबा साफ नहीं किया जा सका। सूत्र ने बताया कि बाकी मलबा रविवार यानि आज हटाया जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुठभेड़ में दिल्ली और गाजियाबाद में दो दर्जन से ज्यादा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाला बदमाश घायल



**गाजियाबाद।** थाना लिंकरोड पुलिस ने शनिवार की रात में मुठभेड़ के दौरान दिल्ली व गाजियाबाद में सक्रिय चेन लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से यह बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश के खिलाफ दिल्ली और गाजियाबाद में दो दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि आपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत राधा कुंज बृजविहार की तरफ से आने वाले रास्ते पर रेलवे पुल कड़कड़ मॉडल के नीचे लिंक रोड पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति राधा कुंज बृजविहार की तरफ से आते दिखायी दिये। जिनको चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके और अपनी मोटर साइकिल को हम पुलिस वालों को चेकिंग करता देख पीछे मोड़ने लगे। हड़बड़ाहट में मोटर साइकिल गिर गयी। पुलिस पार्टी को आता देख बदमाशों ने पुलिस पर सीधा फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस पार्टी पर फायर कर रहे बदमाशों में से एक बदमाश घायल हो गया। एक बदमाश मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार बबलू पाल उर्फ लक्की उर्फ विक्की उर्फ अक्की उर्फ नोनू निवासी प्रताप नगर सवोली थाना हर्ष विहार दिल्ली है। वह मूलरूप से ग्राम करियारी थाना चोला जिला बुलन्दशहर का रहने वाला है। उसके कब्जे से एक तमंचा, अवैध तमंचा .315 बोर व एक मोटर साइकिल (चोरी की) व 2050 रुपये बरामद किये गए हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच राज्य में एडीआरई भर्ती परीक्षा आरंभ

**गुवाहाटी।** असम डायरेक्ट रिक्रूटमेंट एक्जाम (एडीआरई) के लिए असम सरकार द्वारा तृतीय वर्ग की स्नातक स्तर की लिखित परीक्षा रविवार को सुबह की पाली तथा एचएसएलसी स्तर के चालकों की परीक्षाएं शाम की पाली में आयोजित की जा रही हैं। आज दो चरणों में एडीआरई की परीक्षा आयोजित की जा रही है। तृतीय वर्ग के लिए परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। एचएसएलसी स्तर के चालकों की परीक्षा दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित होगी। भर्ती परीक्षा राज्यभर के 822 केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों को नए एसओपी के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी गई है। तृतीय श्रेणी की परीक्षा के लिए कुल 7,34,080 अभ्यर्थी इस बार शामिल होंगे। पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गयी है। आंगनबाड़ी कार्यकताओं, आशा कार्यकताओं की मौजूदगी में महिला अभ्यर्थियों की तलाशी ली जाएगी। परीक्षा के मद्देनजर राज्य में आज तड़के मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया है। प्रशासनिक आदेश के अनुसार सुबह 8.30 बजे से मोबाइल इंटरनेट बंद किया जाना था। शाम 4.30 बजे इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि, इस दौरान वॉयस कॉल की सुविधा चालू रहेगी। साथ ही ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी आधारित टेलीफोन सेवाएं भी चालू रहेंगी। लेकिन, तय समय के पहले ही गुवाहाटी में मोबाइल इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया।

### ममता बनर्जी मंगलवार से करेंगी दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार से



दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन शुरू कर सकती हैं। राज्य सचिवालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री एक अक्टूबर को राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजित बसु के 'श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब' के पूजा पंडाल का उद्घाटन कर सकती हैं। यह कोलकाता के लेक टाउन इलाके में स्थित है। यह उद्घाटन महालया से एक दिन पहले होगा। इस पर विवाद खड़ा हो सकता है क्योंकि महालय के दिन से देवी पक्ष की शुरूआत होती है और उसके पहले पितृ पक्ष है, जब पूजा पाठ की मनाही होती है। श्रीभूमि में इस वर्ष का पंडाल आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थित प्रसिद्ध भगवान बालाजी मंदिर की प्रतिकृति है, जिसे अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा, ममता बनर्जी दुबराजपुर (बीरभूम) और अलीपुरद्वार के बीरपाड़ा में तीन नए अग्निशमन केंद्रों का भी उद्घाटन करेंगी। सचिवालय के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री महालया से कोलकाता और अन्य जिलों के कई पूजा पंडालों का उद्घाटन शुरू कर सकती हैं।

### यूएन में डॉ. जयशंकर की खरी-खरी, पाकिस्तान से सिर्फ पीओके खाली कराने का मुद्दा बाकी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-



पाकिस्तान के बीच मुद्दा सिर्फ पीओके है। हमारे बीच हल होने वाला मुद्दा केवल ये है कि पाकिस्तान के कश्मीर पर अवैध कब्जे को खाली करना है। उन्होंने पाकिस्तान की खराब अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि यह उसके 'कर्मों का फल' है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए शनिवार को विदेश मंत्री ने कहा कि 'कल इसी मंच से कुछ अजीब बातें सुनीं। जबकि भारत की स्थिति बिल्कुल साफ है कि पाकिस्तान की सीमापार आतंकवाद की नीति कभी कामयाब नहीं होगी। हर काम के परिणाम जरूर होंगे। हमारे बीच सिर्फ इस मुद्दे को हल किया जाना बचा है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करे।' एकदिन पूर्व इसी मंच से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र किया था। जिसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि, कई देश अपने नियंत्रण से बाहर परिस्थितियों की वजह से पीछे छूट जाते हैं, लेकिन कुछ देश जानबूझकर ऐसे फैसले लेते हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका बेहतरीन उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। उन्होंने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि वो उसके 'कर्मों का फल' है। उसकी जीडीपी को केवल कट्टरता और आतंकवाद के रूप में इसके निर्यात के तौर पर ही मापी जा सकती है। आज हम देखते हैं कि दूसरों पर जो बुराइयाँ लादने की कोशिश की गई, वे उसके अपने समाज को निगल रही हैं। इसके लिए दुनिया को दोष नहीं दिया जा सकता। यह केवल कर्म है।

## यूज ब्रीफ

### वार्ड 17 में लगा मतदाता पहचान पत्र सुधार कैंप

**सरायकेला :** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 स्थित सीपीएस स्कूल बूथ पर शनिवार को मतदाता पहचान पत्र सुधार कैंप लगाया गया। जिसमें निवर्तमान पार्षद नीतू शर्मा मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि आज पहचान पत्र में सुधार, नया बनाने तथा एक जगह से दूसरे जगह ट्रांसफर करने के लिये कैंप लगाया गया है। जहां बूथ नंबर 123, 124, एवं 125 के सभी बीएलओ उपस्थित रहे। कैंप में संपा दास, सेनूका गोप, सत्यम भारद्वाज, नगर निगम से अभिषेक कुमार सिटी मैनेजर मौजूद रहे। सिटी मैनेजर ने बताया कि यह कैंप आने वाला विधानसभा चुनाव को देखते हुए लगाया गया है, ताकि मतदाता अपना-अपना नाम सूची में देख लें साथ ही किसी भी तरह का सुधार हो तो करवा लें।

### हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर जल्द शुरू होगा जमीन का अधिग्रहण



**धनबाद :** नई दिल्ली से हावड़ा तक प्रस्तावित हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर शनिवार को धनबाद जिला समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता विनोद कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल), ओवरसीज मिंट कंसल्टेंट, टीला कंसल्टेंट्स व धनबाद जिले के 69 गांवों के रैयत शामिल थे। बैठक में भारत सरकार और रेलवे द्वारा तैयार एलाइनमेंट पर चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट बनाते समय घनी आबादी, स्कूल, हॉस्पिटल, धार्मिक स्थल प्रभावित नहीं हों, इसे ध्यान में रखकर डीपीआर तैयार की गई है। साथ ही कहा कि प्रत्येक गांव में भूमि अधिग्रहण करने से पहले अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। निर्धारित दर के अनुसार सरकार प्रभावितों को मुआवजा देगी।

हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद झारखंड में कोडरमा और धनबाद में ट्रेन का ठहराव होगा। बैठक में 69 गांव के रैयतों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे। बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीनियर मैनेजर निकिता धवन, ओवरसीज मिंट कंसल्टेंट के फील्ड एग्जीक्यूटिव आरिफ अजीज, फील्ड सुपरवाइजर प्रमोद शर्मा, टिला कंसल्टेंट्स के प्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे।

### गोंदूडीह के पास पड़ा मिला अधजला शव, कुत्ते नोच रहे थे

**धनबाद :** धनबाद में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जिले के भूली और गोंदूडीह ओपी की सीमा पर शनिवार को रेलवे लाइन किनारे एक अधजला शव पड़ा मिला। शव को आवारा कुत्ते और जानवर नोच कर खा रहे थे। शव को शुक्रवार देर रात जलाए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस मामले में स्थानीय थाना पुलिस मौन है। बड़ा सवाल यह है कि शव को रात के अंधेरे में रेल लाइन किनारे जलाने के लिए कौन आया होगा और अधजला शव छोड़कर क्यों भाग गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का प्रयास किया गया हो। इस मामले गोंदूडीह थाना प्रभारी राजन कुमार झा से दूरभाष पर बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। मैं अभी मीटिंग में हूं। मामले की जांच करवाता हूं। इधर, स्थानीय लोग का कहना है कि गोंदुडीह थाना को सूचना कई घंटे पहले दी गई थी। खबर लिखे जाने तक पुलिस नहीं पहुंची थी।

### दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, तीन गंभीर



**चाईबासा :** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के चक्रधरपुर की आसनतलिया के समीप शनिवार शाम दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। बताया जाता है कि चक्रधरपुर प्रखंड की सिमीदीरी पंचायत के वनालता गांव निवासी 65 वर्षीय वनमाली प्रधान अपने एक साथी लागो प्रधान के साथ मोटरसाइकिल से चक्रधरपुर किसी कार्य से आये थे। चक्रधरपुर में काम निपटाने के बाद वनमाली प्रधान अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे। इसी बीच बंदगांव प्रखंड की कराईकेला के साहुल टोला निवासी प्रमीप साहु अपने परिचित हेमंत साहु के साथ चक्रधरपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान आसनतलिया के समीप दोनों मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में सभी लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टरों ने वनमाली प्रधान को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ। विजय सिंह गागराई, आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा, मनोज सिंह, सनातन प्रधान, जयकुमार सिंहदेव समेत स्थानीय लोग अनुमंडल अस्पताल पहुंचे थे। चक्रधरपुर के थाना प्रभारी राजीव रंजन भी अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गये हैं।

### पलामू के उप निर्वाचन पदाधिकारी सेवा से बर्खास्त, एसटी सर्टिफिकेट बनाकर हासिल की थी नौकरी

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पलामू के उप निर्वाचन पदाधिकारी कानु राम नाग पर बड़ी कार्रवाई हुई है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। 27 सितंबर को इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। उनपर गलत तरीके से एसटी सर्टिफिकेट बनाकर द्वितीय झारखंड प्रशासनिक सेवा की नौकरी लेने का आरोप है। ईटीवी भारत की टीम ने इस मामले में कानु राम नाग का पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क किया। उन्होंने बताया कि इस मसले पर सोच विचार के बाद ही कुछ बता पाएंगे। शुक्रवार को कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया है कि कानु राम नाम तमाड़िया जाति से आते हैं जो अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आती है। लेकिन उन्होंने मुंडा जनजाति का प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी हासिल की थी। इस वजह से उनको झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम 14 (७) के तहत सेवा से हटाए जाने का दंड दिया गया है। इस बाबत झारखंड सरकार ने उनको एक रियायत भी दी है। कानु राम नाम दूसरी सरकारी सेवा में बहाली के लिए अयोग्य नहीं ठहराए गये हैं। इसका मतलब है कि दूसरी बहाली के दौरान कानु राम अपनी असली जाति प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर सकते हैं। खास बात है कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कानु राम नाम की पलामू में पोस्टिंग हुई थी।

# कोल्हान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ0 राजेन्द्र भारती के पदस्थापनाकाल से बेहतर हुई व्यवस्था

**बिनय मिश्रा**





राज्य के पाचवां प्रमण्डल कोल्हान अपने उपलब्धि और खुबियों के कारण पुरे राज्य में बेहतर पहचान रखता है वहीं बेहतर शिक्षा और सुविधा हेतु छात्रों के लिए राँची विश्वविद्यालय से अलग होकर बना कोल्हान विश्वविद्यालय अपने गठन के पश्चात अपने स्थापनाकाल के 15 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। कोल्हान विश्वविद्यालय में अबतक आठ रजिस्ट्रार पदस्थापित रह चुके हैं। कुछ ऐसे रजिस्ट्रार होते हैं जो अपने स्थापनाकाल से लेकर पदस्थापना तक अपने अधिनस्थ कार्यों को सुचारू रूप से करने के साथ-साथ शिक्षा के लिए बेहतर माहौल और कोल्हान प्रमण्डल के सभी महाविद्यालय जो कोहान विश्वविद्यालय के अधीन हैं उन महाविद्यालय में बेहतर सुविधा छात्रहित में निरंतर कार्य उनकी विशेषता मानी जाती है और इसी कड़ी में वर्तमान समय में रजिस्ट्रार के रूप में डॉ0 राजेन्द्र भारती ने 19 नवम्बर 2023 को अपना पदभार ग्रहण किया और अपने पदस्थापनाकाल के दस माह में ही अपने बेहतर कार्यप्रणाली से कोल्हान प्रमण्डल अन्तर्गत अधिनस्थ महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा का माहौल और अनुशासन तथा छात्रहित में उनके द्वारा किये गये व्यापक कार्य उनके उपलब्धि में शामिल है। ऐसे रजिस्ट्रार से विश्वविद्यालय के साथ-साथ शिक्षा विभाग भी गौरवान्वित होता है। डॉ0 राजेन्द्र भारती के बेहतर कार्यप्रणाली सुदृढ़ता और छात्रहित में निरंतर कार्य उनकी लोकप्रियता भी दशार्ता है। इस प्रकार से उन्होंने महज दस माह में ही अपने बेहतर कार्यों से कोल्हान विश्वविद्यालय की गौरव और विश्वास दोनों बढ़ाया है। इसके अलावे स्थाई कुलपति नहीं रहने के पश्चात भी उनके लम्बे प्रशासनिक अनुभव और शिक्षा के प्रति समर्पण कोल्हान विश्वविद्यालय को निरंतर गरीमा प्रदान की है जो कोल्हान के शिक्षाविद् और कोल्हानवासियों के लिए एक उपलब्धि है।

## मुफ्फसिल थाना प्रभारी रंजीत उरांव बेहतर विधि व्यवस्था के लिए रहते हैं गंभीर




**ज्योति पाठक**

**चाईबासा** मुफ्फसिल थाना काफी विस्तृत क्षेत्र में समाहित है और थाना प्रभारी की जवाबदेही भी काफी बढ़ी हुयी है क्योंकि चाईबासा जिला मुख्यालय में भी मुफ्फसिल क्षेत्र काफी दुर तक समाहित है। वहीं चाईबासा-चक्रधरपुर के बीच बोड़दापुल तक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र पड़ता है। इतने वृहत क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था लोगों के बीच पुलिस और आम लोगों के बीच मधुर संबंध और प्रगाढ़ता भी काफी मायने रखता है और इसके लिए थाना प्रभारी रंजीत उरांव निरंतर प्रयत्नशील हैं। श्री उरांव 13 मार्च 2024 को पदभार ग्रहण किया और छः माह के कार्यकाल में ही अपने बेहतर कार्यप्रणाली से मुफ्फसिल थाना और आम लोगों के बीच विश्वास कायम करने में सफल रहे हैं। अपराध नियंत्रण, अपराधियों की धर पकड़, बेहतर शांति व्यवस्था के साथ श्री उरांव निरंतर जुटे हुए हैं। अवैध कारोबारियों की भी खोज खबर उनके द्वारा ली जा रही है जो निश्चित तौर पर पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली की सूचक है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मुफ्फसिल थाना में लोग अपनी परेशानी और समस्या को लेकर उनसे मिल सकते हैं। उनके समस्यायो का समाधान अवश्य किया जायेगा क्योंकि मुफ्फसिल थाना सदैव जन सहयोग और आमजनों के लिए समर्पित है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि मुफ्फसिल थाना प्रभारी के बेहतर प्रयास के फलस्वरूप आम लोगों का कहना है कि मुफ्फसिल थाना, जहां है लोगों का सहज और सरल आना-जाना।

## अनुकंपा नियुक्ति व कमीशन बढ़ोतरी के निर्णय का किया स्वागत

**जमशेदपुर :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने झारखंड कैबिनेट द्वारा पीडीएस डीलर्स की अनुकंपा नियुक्ति बहाल करने व ससमय कमिशन उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत किया। एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गुप्ता ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पीडीएस डीलर्स के आश्रितों का काफी राहत मिली है। एसोसिएशन काफी दिनों से अनुकंपा नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री, खाद्य आपूर्ति मंत्री व प्रशासनिक अधिकारियों के पास मांग पत्र सौंप रहा था। मुख्यमंत्री के जमशेदपुर दौरे के दौरान एसोसिएशन ने इस समस्या से अवगत कराया था। साथ ही खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से उनके कदमा एवं रांची स्थित आवास पर मिलकर वार्ता की थी। मंत्री ने आश्वस्त किया था कि इस संबंध में सरकार उचित निर्णय लेगी। अनुकंपा नियुक्ति होने से हजारों डीलरों के आश्रितों को इसका फायदा मिलेगा। गौरतल हो कि खाद्य आपूर्ति विभाग ने वर्ष 2020 में पीडीएस डीलर की 60 वर्ष के बाद मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति बंद कर दी थी। अब सरकार के निर्णय से वैसे डीलरों के आश्रित अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## विशेष छापामारी अभियान में अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार




**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत के निर्देश पर चांडिल थाना की पुलिस ने शनिवार की रात विशेष छापामारी अभियान चलाया। बताया जा रहा है कि शारदीय नवरात्रि को लेकर पुलिस ने अवैध और नकली शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया था। सूत्रों के अनुसार इस दौरान पुलिस को भारी मात्रा में नकली व अवैध शराब भी मिला है।

पुलिस ने शराब को जब्त कर अपना अभियान जारी रखा। अभियान में पुलिस को चिलगु से अवैध व नकली शराब के संचालक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार अभियुक्त पुराने मामले में वांछित था और पहले भी जेल जा चुका है। बताया जा रहा है कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी। वैसे इस संबंध में चांडिल थाना की पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

**अवैध शराब का हब बन गया है चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र अवैध व नकली शराब कारोबारियों के लिए सबसे सुरक्षित स्थल बन गया था। पुलिस ने एक के बाद एक नकली अवैध शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्रियों का भांडाफोड़ कर चुकी है। मामले में इस धंधे से जुड़े कई लोगों को जेल भेजा जा चुका है, लेकिन किसी भी मामले में मिनी शराब फैक्ट्रियों के सरगना को नहीं पकड़ा गया है। पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों के लगातार छापामारी के बाद चांडिल थाना क्षेत्र में चार से अधिक नकली शराब बनाने वाली मिनी शराब फैक्ट्री का पदार्फाश किया जा चुका है। लेकिन अवैध व नकली शराब के कारोबारी तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की कहावत को चरितार्थ करते हुए अपना गोरखधंधा जगह बदल-बदल कर जारी रखे हुए है। इसी का परिणाम है कि छापामारी अभियान के दौरान पुलिस बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद करने में सफल रही।

## झारखंड आंदोलनकारियों की धरती हैः कल्पना सोरेन

**तांतनगर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को मंईयां सम्मान यात्रा के क्रम में पश्चिमी सिंहभूम के तांतनगर पहुंची। यहां शहीद गंगाराम कालुंडिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। उसके बाद मंझारी प्रखंड के जलधर व कुमारडुंगी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। उनके साथ सांसद जोबा मांझी भी मौजूद थीं। कल्पना ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की धरती है। अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़ते हुए जल, जंगल, जमीन, पहाड़, बुरु सबको बचाने के लिए निरंतर शत्रु से संघर्ष किया। कोल्हान वीर भूमि है। हमारे शहीदों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि कोल्हान कभी झुकता नहीं है। किसी के साथ कभी समझौता नहीं करता और कभी किसी से डरता नहीं है। यह सीख व प्रेरणा हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए मिलती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन निरंतर हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में लाने के लिए प्रयासरत हैं। जब तक इसे शामिल नहीं करा देते चैन से नहीं बैठेंगे।


**मंईयां सम्मान योजना से भाजपा को हो रही तकलीफ :** मंईया सम्मान योजना महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए लाया गया है। इस योजना से भाजपा को बहुत तकलीफ हो रही है। योजना को रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयास किया जा रहा है। हेमंत सोरेन अकेले दिखते हैं, पर अकेले नहीं हैं। राज्य की आधी आबादी समेत पूरा राज्य उनके साथ खड़ा है। आप लोग बातें सभी की सुनें, लेकिन सही को चुनें। हेमंत सोरेन राज्य को समृद्ध करने में लगे हैं। कल्पना ने कहा कि विपक्षी चाहते हैं कि कोल्हान समझौता करे, लेकिन उन्हें मालूम नहीं कि जब कोल्हान की जनता अंग्रेजों के आगे नहीं झुकी, अंग्रेजों के साथ समझौता नहीं की, तो बाहरी लोगों को कैसे बर्दाश्त कर सकती है।

### मानगो में आवारा कुत्तों का आतंक, चार को किया जख्मी

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन किसी न किसी को कुत्ते काट रहे हैं। शुक्रवार की शाम गोकुलनगर में अपने घर से ट्यूशन जा रही अनिश्री नामक आठ वर्षीय बच्ची को दो कुत्तों ने घेरकर हमला कर दिया। घटना के समय बच्ची की मां साथ में थी। उसके हल्ला करने पर अलग-बगल के लोग जुटे उसके बाद कुत्ते भागे। घटना के बाद बच्ची ट्यूशन नहीं जाकर अपने घर आयी। जहां से उसकी मां चिकित्सक के पास ले गई। वहीं शनिवार की सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे तीन लोगों पर कुत्तों ने हमला किया। तीनों व्यक्तियों ने किसी तरह भागकर कुत्तों से अपना पीछा छुड़ाया।

दूसरी ओर मानगो नगर निगम क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बढ़ने पर भाजपा नेता विकास सिंह ने नगर निगम की लापरवाही करार दिया। उन्होंने कहा कि आवार कुत्तों पर नकेल कसने के लिए कई बार लिखित तौर पर शिकायत की गई। इस दिशा में कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि निगम में बगैर हंगामा, तालाबंदी के कुछ काम नहीं होता है। जल्द लोगों को गोलबंद करके उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# गाय से टकराई हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, टला बड़ा हादसा



**दुमका:** भागलपुर से हावड़ा जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार शाम एक गाय से टकरा गई। हालांकि राहत वाली बात ये रही कि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। दरअसल, शनिवार शाम पांच बजे नोनीहाट स्टेशन से जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी, दो किलोमीटर आगे जाने के बाद ट्रैक पर ट्रेन से गाय टकरा गई। इस टक्कर में ट्रेन का सामने का हिस्सा कुछ क्षतिग्रस्त हो गया।

**क्या है पूरा मामला :** शनिवार दोपहर 3 ।20 बजे अपनी निर्धारित समय पर वंदे भारत एक्सप्रेस भागलपुर से हावड़ा के लिए निकली थी। हावड़ा जाने के क्रम में नोनीहाट-बारापलासी के बीच रेलवे ट्रैक पर किसी मवेशी के अचानक आ जाने से दुर्घटनाग्रस्त होने से बची। यह घटना पोल नंबर 93-7 के पास हुई थी। इस घटना के बाद ब्रेक लगायी गयी और प्रारंभिक पड़ताल की गयी। मवेशी से टकराने के बाद भी वंदे एक्सप्रेस वहां से चलती रही और दुमका स्टेशन में जाकर ट्रेन रुकी। यहां स्टेशन पर रुकने के बाद रेलवे के कर्मियों ने वंदे भारत एक्सप्रेस के अगले हिस्से की पड़ताल की। जिसमें पाया गया कि ट्रेन के सामने का फाइबर का हिस्सा खुल गया है। जिसे गंतव्य स्थान पर पहुंचकर ठीक कराने की बात कही गयी। ट्रेन हावड़ा पहुंचकर ही इस मामूली मरम्मत का कार्य कराया जाएगा इस घटना को लेकर दुमका रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक टीपी यादव ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस नोनीहाट से जैसे खुली, ट्रेन एक गाय से टकरा गई जो ट्रैक के बीच में खड़ी थी। दुमका पहुंचने के बाद ट्रेन की जांच की गई इसके बाद ट्रेन हावड़ा के लिए प्रस्थान कर दी गई है।